RNI:
UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

# द अचीवर टाइम्स



वर्ष : 9 अंक : 222
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, मंगलवार, 05 दिसम्बर, 2023

## एक नज़र

### लखनऊ समेत मध्य यूपी में आज से बारिश के आसार, 6 दिसंबर को होगी मिचौंग तूफान की वापसी

**लखनऊ।** लखनऊ समेत मध्य यूपी में आज से बारिश के आसार हैं। इसका असर पूर्वी उत्तर प्रदेश पर भी पड़ेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अलग-अलग स्थानों पर बारिश व गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहेगा। ऐसे हालात सात दिसंबर तक बने रह सकते हैं। बताया गया है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण चक्रवाती हवाओं के क्षेत्र मध्य पाकिस्तान और आसपास बना हुआ है। इसका क्षेत्र पश्चिमी यूपी और आसपास है। इसके कारण मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक, छह और सात दिसंबर के करीब मिचौंग तूफान की वापसी होगी। इसके कारण दक्षिण पूर्वी यूपी, खासकर छत्तीसगढ़ व झारखंड से लगे इलाके में इसका असर देखने को मिलेगा। ब्यूरो

**सात दिसंबर के करीब मिचौंग की**

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, छह और सात दिसंबर के करीब मिचौंग की वापसी होगी, इसके कारण दक्षिण पूर्वी यूपी, खासकर छत्तीसगढ़ व झारखंड से लगे इलाक में इसका असर देखने को मिलेगा।

### संस्कृत भाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

**लखनऊ।** विहार-संस्कृत-सञ्जीवन-समाज-सर्वत्र संस्कृत की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के तहत हिंदी भाषा संस्थान में संगोष्ठी का आयोजन रविवार को किया गया। संस्कृत भाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त शिवाकांत द्विवेदी मौजूद रहे। अनिल सिंह, डॉ. अनिल चौबे, शैलेन्द्र सिन्हा, डॉ. किरण प्रकाश, प्रो. विजय कर्ण, महेश मिश्र, डॉ. रागिनी वर्मा, पिन्टू कुमार, डॉ. अंशु शुक्ला, उपासना भार्या, मनीषा बोदरा, नीलम खाशा, प्रदीप श्रीवास्तव, शिवम अवस्थी, डॉ. लीना चौहान, प्रेमलता, रामनाथ पाण्डेय, रामकृपाल, विजेन्द्र सिंह, मंजुलता चौहान को सम्मानित किया गया। आयोजक मुकेश ओझा ने बताया कि यह वे लोग हैं जो आधुनिक युग में संस्कृत भाषा के पोषक हैं।

## मिजोरम में जेडपीएम को बहुमत

### 40 में से 27 सीट जीतीं, जोरमथंगा ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा

एजेंसी

**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा के लिए मतदान सात नवंबर को हुआ था। इस दौरान 8.57 लाख मतदाताओं में से 80 फीसदी से ज्यादा ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। चुनाव में 18 महिलाओं सहित कुल 174 उम्मीदवार मैदान में थे।

जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) को मणिपुर विधानसभा की 40 में से 27 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत मिला। इसके अलावा मिजो नेशनल फ्रंट को 10, भाजपा को भाजपा को दो और कांग्रेस को एक सीट मिली। भाजपा ने पलक और सैहा सीट अपने नाम की, जबकि कांग्रेस ने लांग्तलाई वेस्ट सीट पर जीत हासिल की। जीत दर्ज करने वाले जेडपीएम के प्रमुख नेताओं में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा शामिल हैं। उन्होंने सेरछिप सीट पर मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के जे.




**एमएनएफ, जेडपीएम और कांग्रेस ने 40-40 सीटों पर चुनाव लड़ा**

**एमएनएफ, जेडपीएम और कांग्रेस ने 40-40 सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि भाजपा ने 23 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। आम आदमी पार्टी (आप) ने चार सीटों पर चुनाव लड़ा था। इसके अलावा 17 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में थे।**

माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,982 वोटों से हराया। इस बीच मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने सोमवार शाम को राज्यपाल हरी बाबू कंभमपति से मुलाकात की। उन्होंने विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट की हार के बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया।

**मिजोरम विधानसभा के लिए मतदान सात नवंबर को हुआ था**

मिजोरम विधानसभा के लिए मतदान सात नवंबर को हुआ था। इस दौरान 8.57 लाख मतदाताओं में से 80 फीसदी से ज्यादा ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। चुनाव में 18 महिलाओं सहित कुल 174 उम्मीदवार मैदान में थे।

**सीएम समेत कई दिग्गज हारे**

निर्वाचन आयोग के मुताबिक, मुख्यमंत्री जोरमथंगा आइजोल ईस्ट-प्रथम सीट पर जेडपीएम उम्मीदवार लालथनसांगा से 2,101 मतों से हार गए। चुनाव में जिन दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा, उनमें उप मुख्यमंत्री और एमएनएफ उम्मीदवार तावंलुइया शामिल हैं। उन्हें तुइचांग में जेडपीएम उम्मीदवार ने हराया। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री और एमएनएफ उम्मीदवार आर लालथंगलियाना दक्षिण तुईपुई में जेडपीएम के जेजे लालपेखलुआ से हार गए। ग्रामीण विकास मंत्री लालरुआत्किमा को आइजोल वेस्ट-द्वितीय सीट पर जेडपीएम के उम्मीदवार लालनघिंगलोवा हमार से हार झेलनी पड़ी।

## इंटरनेट बैन हटाते ही मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, दो गुटों के बीच

एजेंसी



**मणिपुर।** मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले में सोमवार दोपहर हुई ताजा हिंसा में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने कहा कि दोपहर के करीब, टेंग्नौपाल जिले के साइबोल के पास लीथू गांव में आतंकवादियों के दो समूहों के बीच गोलीबारी की सूचना मिली थी। मणिपुर में 3 मई से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय झड़पों से भड़का हुआ है। झड़पों में कम से कम 182 लोग मारे गए हैं और लगभग 50,000 बेघर हो गए हैं। मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले में सोमवार दोपहर हुई ताजा हिंसा में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने कहा कि दोपहर के करीब, टेंग्नौपाल जिले के साइबोल के पास लीथू गांव में आतंकवादियों के दो समूहों के बीच गोलीबारी की सूचना मिली थी। मामले से अवगत एक अधिकारी ने कहा ÷निकटतम सुरक्षा बल इस जगह से लगभग 10 किमी दूर थे। एक बार जब हमारी सेनाएं आगे बढ़ीं और उस स्थान पर पहुंचीं, तो उन्हें लीथू गांव में 13 शव मिले। बलों को शवों के पास कोई हथियार नहीं मिला।अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक लीथु क्षेत्र से नहीं हैं और हो सकता है कि वे किसी अन्य स्थान से आए हों जिसके बाद वे एक अलग समूह के साथ गोलीबारी में शामिल हो गए। अधिकारी ने कहा न तो पुलिस और न ही सुरक्षा बलों ने मृत लोगों की पहचान की पुष्टि की। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। वे मामले की जांच करेंगे। मणिपुर 3 मई से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय झड़पों से भड़का हुआ है। झड़पों में कम से कम 182 लोग मारे गए और लगभग 50000 बेघर हो गए। रविवार को ही अधिकारियों ने सात महीने के बाद हिंसा प्रभावित राज्य में कुछ जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों को छोड़कर मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध हटा दिया था। उपरोक्त जिलों के क्षेत्रों में या तो मेइतेई या कुकी का प्रभुत्व है और पिछले सात महीनों में अधिकांश हिंसा, गोलीबारी, आगजनी और अपहरण हुए हैं। केंद्र और मणिपुर सरकार द्वारा राज्य के सबसे पुराने उग्रवादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फोर्स (यूएनएलएफ) के साथ नई दिल्ली में शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के चार दिन बाद निलंबन हटाया गया।

### शराब की अवैध तस्करी रोकने के निर्देश

## यूपी में 21 साल से कम उम्र वालों को नहीं मिलेगी शराब, दिए गए ये निर्देश



एजेंसी

**लखनऊ।** यूपी में हर हाल में शराब की अवैध तस्करी रोकने के निर्देश दिए गए हैं। 21 वर्ष से कम आयु के लोग शराब नहीं खरीद सकेंगे। आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का निर्देश दिया है। सोमवार को प्रमुख सचिव आबकारी, आबकारी आयुक्त समेत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उन्होंने समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि नवंबर तक 27,340.97 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है, जो बीते वर्ष मिले राजस्व से करीब 10 फीसदी ज्यादा है। उन्होंने 21 वर्ष से कम आयु वालों को किसी भी दशा में शराब की बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कानपुर में राजस्व लक्ष्य कम होने पर वहां के उप आबकारी आयुक्त से 15 दिन में रिपोर्ट देने को कहा। आगरा, मथुरा, लखनऊ हाईवे से बुंदेलखंड हाईवे के माध्यम से मिर्जापुर होते हुए सोनभद्र के रास्ते शराब की तस्करी पर विशेष निगाह रखने तथा इस संबंध में जीएसटी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों से भी सहयोग लेने को कहा। किसी भी स्थिति में तस्करी न होने पाए। ओवर रेटिंग की शिकायतें मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

### छत्तीसगढ़ में पांचवीं पास मजदूर ने छह बार के विधायक को हराया

## मध्य प्रदेश-राजस्थान में कई दिग्गज हारे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रविवार को चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित हो गए हैं। जहां मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बाजी मारी तो तेलंगाना में कांग्रेस को सफलता मिली। इन चुनाव नतीजों में कई ऐसे भी थे, जिसने सभी को चौंकाया। खासकर मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कई नेता ऐसे थे, जो पांच या इससे अधिकर बार के विधायक थे, लेकिन इस बार अपनी सीट ही गंवा बैठे।

**छह बार के विधायक केपी सिंह नहीं बचा पाए अपनी सीट**

मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कमलनाथ सरकार में मंत्री रहे केपी सिंह शिवपुरी सीट पर अपना चुनाव हार गए। केपी सिंह को भारतीय जनता पार्टी के देवेन्द्र कुमार जैन के हाथों 43,030 वोटों के बड़े अंतर से हार झेलनी पड़ी। यहां मौजूदा विधायक यशोधरा राजे सिंधिया के चुनाव नहीं लड़ने का एलान के बाद जैन को भाजपा ने टिकट दिया था, जो पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरे। दरअसल, केपी सिंह शिवपुरी जिले की ही पिछोर विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह इस सीट से लगातार छह चुनाव जीते। उन्होंने 1993, 1998, 2003, 2008, 2013 और 2018 के विधानसभा चुनाव में पिछोर सीट पर कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की है। इस बार पार्टी ने उन्हें पिछोर की जगह शिवपुरी से चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन बाजी किसी और ने मार ली।




**कृषि मंत्री कमल पटेल रोचक मुकाबले में हारे**

प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल भी हार गए। वे हरदा सीट से चुनाव लड़ रहे थे। कांग्रेस के रामकिशोर डोगने से उनका मुकाबला था। कई राउंड में आगे-पीछे होते रहे। आखिरी में 870 वोटों से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। कमल पटेल ने 1993, 1998, 2003, 2008 और 2018 में हरदा सीट से पांच बार विधानसभा का चुनाव जीता। अप्रैल 2020 में उन्हें कैबिनेट मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और वर्तमान में वे मध्य प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

**पांच बार के विधायक बिसेन को झटका**

बालाघाट सीट से शिवराज सरकार में मंत्री गौरीशंकर बिसेन भी अपना चुनाव हार गए। पांच बार के विधायक को कांग्रेस की अनुभा मुंजारे ने 29,195 वोटों से हराया। 1985 में बिसेन बालाघाट विधानक्षेत्र सीट पर विजयी हुए थे। वह मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए पांच बार चुने गए। 1998 और 2004 में वह बालाघाट संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद भी बने। बिसेन 2008 में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बने थे।

**सात बार के विधायक नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह भी हारे**

भिंड जिले की लहार विधानसभा सीट के नतीजों ने भी सभी को चौंकाया। लहार से मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह चुनाव मैदान में थे। भाजपा की ओर से मैदान में उतरे अंबरीश शर्मा गुड्डू ने दिग्गज कांग्रेस नेता को 12,397 वोटों के अंतर से हरा दिया। डॉ. गोविंद सिंह 1990 में पहली बार विधानसभा का चुनाव जीते थे। इसके बाद वह 1993, 1998, 2003, 2008 2013 और 2018 में विधानसभा चुनाव में भी विजयी हुए। 2018 में बनी कमलनाथ वाली कांग्रेस सरकार में गोविंद सिंह मंत्री भी बनाए गए थे।

**छत्तीसगढ़ में गैर-राजनीतिक व्यक्ति ने कद्दावर मंत्री को शिकस्त दी**

छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भी कई उलटफेर देखने को मिले, जिसमें वरिष्ठ नेता रवींद्र चौबे की हार भी शामिल है। बेमेतरा जिले की साजा सीट से कांग्रेस के मंत्री रविंद्र चौबे को भाजपा की तरफ से उतरे ईश्वर साहू ने हराकर सबको चौंका दिया। छह बार के विधायक रहे रवींद्र को 5,196 वोटों के अंतर से हार झेलनी पड़ी। ईश्वर साहू ने अपने चुनावी हलफनामे में बताया था कि वह पांचवीं पास हैं और मजदूरी का काम करते हैं और पत्नी गृहिणी हैं। उनके बेटे भुवनेश्वर साहू की बिरनपुर गांव में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के दौरान मौत हो गई थी। चुनाव में भाजपा ने ईश्वर को टिकट थमा दिया और वोट के बदले अपने बेटे के लिए इंसाफ देने की बात कहने वाले भाजपा प्रत्याशी चुनाव जीत गए।

रवींद्र चौबे कांग्रेस के पुराने और कद्दावर नेता हैं। 1985 में अविभाजित मध्य प्रदेश में चौबे पहली बार विधायक बने और ये सिलसिला 1990, 1993 और 1998 के विधानसभा चुनावों में भी जारी रहा। वहीं छत्तीसगढ़ बनने के बाद चौबे 2003 और 2008 के राज्य विधानसभा के चुनावों में भी जीते। अविभाजित मध्यप्रदेश और फिर छत्तीसगढ़ में कई विभागों के मंत्री और नेता प्रतिपक्ष रह चुके चौबे 28 सालों तक विधायक रहे। 2013 के चुनावों में पहली बार कांग्रेस नेता के हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन अगले ही चुनाव में 2018 में उन्होंने फिर से जीत हासिल की थी।

**राजस्थान में विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी हारे**

राजस्थान में भी कई दिग्गजों का दांव परास्त हो गया। विधानसभा चुनावों में नाथद्वारा सबसे हॉट सीटों में से एक थी। यहां कांग्रेस के दिग्गज नेता सीपी जोशी का मुकाबला भाजपा के उदयपुर राज परिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ से था, जिसे उन्होंने 7,504 वोटों से जीत लिया। सीपी जोशी इस सीट से पांच बार विधायक रह चुके हैं। उनकी सीट नाथद्वारा काफी चर्चा में रहती है।

## चक्रवात मिचौंग कल नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच टकराएगा

## IMD का अलर्ट, शाह ने लिया अपडेट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी से बात की। चक्रवात मिचौंग के कारण चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति से निपटने के लिए किए गए उपायों का जायजा लिया।

दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। जिसे मिचौंग नाम दिया गया है। इसके कल सुबह तक आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच पहुंचने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

**मिचौंग की स्थिति पर मौसम विभाग ने क्या कहा**

विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷गंभीर चक्रवाती तूफान मिचौंग आज भारतीय समयानुसार ढाई बजे दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर चेन्नई से करीब सौ किलोमीटर उत्तर पूर्व और नेल्लोर से 120 किलोमीटर दक्षिण पूव में केंद्रित था। यह धीरे-धीरे तेज होगा और उत्तर की ओर बढ़ेगा और गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पांच दिसंबर की दोपहर बापटला के करीब नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश तट को पार करेगा।



इन राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका

इस बीच, चक्रवाती तूफान मिचौंग चेन्नई से करीब 90 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व में आज सुबह 8:30 बजे भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया। मौसम विभाग ने उत्तर-तटीय तमिलनाडु और पुडुचेरी में चार और पांच दिसंबर को भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। चार और पांच दिसंबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका है, जबकि तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है।

**भारी बारिश से जलमग्न हुए चेन्नई के कई इलाके**

चेन्नई के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही भारी बारिश के चलते ओमनदुरार सरकारी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के बाहर वालाजाह रोड, माउंट रोड, अन्ना सलाई, चेपॉक सहित कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। भारी बारिश के चलते चेन्नई के लोकप्रिय मरीना बीच पर पानी भर गया और जलभराव के कारण माउंट रोड से मरीना बीच तक की सड़कें अवरुद्ध हो गईं।

**तमिलनाडु के इन जिलों में सार्वजनिक अवकाश घोषित**

तमिलनाडु सरकार ने चक्रवात को देखते हुए चेन्नई, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों में मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। 1881 के परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। राज्य के चार जिलों चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू में सार्वजनिक उपक्रमों और निगमों, बोर्डों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के कार्यालयों सहित सभी स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान और सरकारी कार्यालय राज्य में मौसम की खराब स्थिति के कारण बंद रहेंगे।

**सामान्य रूप से जारी रहेंगी ये सेवाएं**

हालांकि, सभी आवश्यक सेवाएं जैसे पुलिस, अग्निशमन सेवा, स्थानीय निकाय, दूध और पानी की आपूर्ति, अस्पताल और चिकित्सा दुकानें, बिजली आपूर्ति, परिवहन, ईंधन आउटलेट, होटल और रेस्तरां आदि सामान्य रूप से काम करेंगे। आपदा प्रतिक्रिया, राहत और बचाव गतिविधियों में लगे कार्यालय भी सामान्य रूप से काम करेंगे। तमिलनाडु सरकार ने लोगों से एहतियाती कदम उठाने को कहा है, क्योंकि मौसम विभाग ने राज्य में रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने चेन्नई और आसपास के इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

## नीतीश ने मध्य प्रदेश में जहां प्रत्याशी उतारे उनमें दो जगह इंडिया की वजह से हारी कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 23 जून 2023 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर देशभर के भाजपा-विरोधी दलों की पटना में पहली बैठक हुई। इसके बाद दूसरी बैठक बेंगलुरू और तीसरी मुंबई में हुई है। इस एलायंस के दलों में नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड का मध्य प्रदेश चुनाव में स्वतंत्र रूप से भाग लेना चर्चा का विषय था। क्योंकि, नीतीश ने ही विपक्षी एकता के लिए पहल की थी। इसके बावजूद कांग्रेस के नंबर वन नेता राहुल गांधी राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद से करीब और नीतीश कुमार से दूर नजर आ रहे थे। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बहाने कांग्रेस ने इंडी एलायंस से किनारे किया तो नीतीश कुमार ने खुले मंच से कटाक्ष भी किया। लेकिन, अब नीतीश की बात जमीनी परिणाम के रूप में सामने है। मध्य प्रदेश के परिणाम ने इंडी एलायंस में कांग्रेस के साथ-साथ बाकी दलों की भी हालत-हकीकत बयां कर दी है। नीतीश अभी बीमारी के नाम पर सीन से बाहर हैं और इधर चुनावों में दुर्गति के बाद कांग्रेस ने इंडी एलायंस को लेकर तेजी दिखाई है।

**10 पर दिए प्रत्याशी, नौ लड़े...कुल वोट 5758**

जदयू ने एमपी विधानसभा में 10 सीटों पर प्रत्याशी दिए। इनमें से नौ ने चुनाव लड़ा। जदयू के नौ प्रत्याशियों ने कुल मिलाकर 5758 वोट हासिल किया। यानी, प्रति सीट औसतन 640 से भी कम वोट। सर्वाधिक 3103 वोट थांदला विधानसभा सीट पर मिला, जहां यह वोट कटने के बाद भी कांग्रेस ने ही जीत दर्ज की।

**दो सीटों पर कांग्रेस जीती, सात पर हारी**

जिन नौ सीटों पर जदयू के प्रत्याशियों ने वोटकटवा की भूमिका निभाई, उनमें से सात सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली। दो सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की। थांदला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वीर सिंह भूरिया ने जीत दर्ज की। उन्हें 105197 वोट मिले। भाजपा प्रत्याशी को यहां 103857 वोट मिले। जदयू के तोलसिंह भूरिया को यहां 3103 वोट मिले। बालाघाट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के अनुभा मुंजारे ने जीत दर्ज की। उन्हें 108770 वोट मिले। भाजपा प्रत्याशी को यहां 79575 वोट मिले। जदयू के विजय कुमार पाटले को यहां 110 वोट मिले। बालाघाट में कांग्रेस की जीत के साथ ही यह भी दिखा कि जदयू समेत इंडी एलायंस के दल आप के भी उतरने से ज्यादा कोई नुकसान नहीं हुआ। आप ने 1021 वोट हासिल किए।

**सात में से दो पर हार में इंडी एलायंस वजह**

जदयू प्रत्याशियों ने इन नौ सीटों पर भले ही वोटों के मामले में बहुत कामयाबी हासिल नहीं की, लेकिन इंडी एलायंस की दिल्ली में संभावित अगली बैठक से पहले यह जानना रोचक होगा कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की हार में दो सीटों पर इंडी एलायंस के दलों की अहम भूमिका रही।

# यूपी सरकार ने नवंबर में 11,489 सामूहिक विवाह करवाए

## दिसंबर-जनवरी में 50, 000 शादियों का रखा लक्ष्य

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रदेश सरकार ने दिसंबर व जनवरी में 50,000 शादियां करवाने का लक्ष्य रखा है। पात्र लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। उत्तर प्रदेश में समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश भर में स्थित जनपदों में सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए प्रदेश भर में 109883 बेटियों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। इस लक्ष्य के सापेक्ष नवंबर में हुए समारोह में शुभ मुहूर्त में प्रदेश भर में 11,489 सामूहिक विवाह संपन्न करवाए गए हैं, जबकि दिसंबर और जनवरी में 50,000 शादियां करवाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सभी जनपदों को बजट भी आवंटित कर दिया गया है। अभी तक लगभग 68,825 आवेदन आ चुके हैं। वहीं ऑनलाइन पोर्टल पर हर दिन करीब 1000 आवेदन आ रहे हैं।

**जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ विवाह**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जरूरतमन्द निराश्रित/निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परिव्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं का विवाह करवाया गया है। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के, अल्पसंख्यक वर्ग और सामान्य वर्ग के जोड़ों को लाभान्वित कराया गया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),



समाज कल्याण विभाग असीम अरुण की उपस्थिति में कन्नौज में, सांसद मेनका गांधी की उपस्थिति में सुल्तानपुर में, सांसद घनश्याम सिंह लोधी व कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख की उपस्थिति में रामपुर में, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा द्वारा शामली में, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की उपस्थित में महराजगंज में, गाजीपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, चंदौली, मऊ समेत कई जनपदों में वर-वधु का विवाह संपन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रत्येक वर-वधू को उपहार सामग्री एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया।

**ये दी गई सहायता**

सामूहिक विवाह समारोह में दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए कन्या के खाते में 35000 रुपये सहायता राशि अंतरित की गई। वहीं विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कपड़े, बिछिया, पायल, बर्तन आदि पर 10 हजार रुपये खर्च किए गए। विधवा, परित्यक्ता/ तलाकशुदा के मामले में 5000 रुपये तक की वैवाहिक सामग्री दी गई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 6000-/ प्रति जोड़ा व्यय किया गया।

**ऐसे कर सकते हैं आवेदन**

योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन वेबसाइट https://cmsvy.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत लाभ पाने के लिए लाभार्थी आधार डेमोग्राफिक प्रमाणीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक अपना आवेदन पत्र जन सुविधा केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर), जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, साइबर कैफे, निजी इंटरनेट केंद्र अथवा विभाग वेबसाइट से भर सकते हैं। आवेदक द्वारा आवेदन विवाह की निर्धारित तिथि के न्यूनतम एक सप्ताह पहले ही करना होगा। आवेदन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वीकार होगा।

**पूरी पारदर्शिता से संचालित हो रही योजना**

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने योजना की पारदर्शिता के लिए ऑफलाइन आवेदन को खत्म कर ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू की है। इससे जहां पात्रों को सहूलियत हो रही है, वहीं बिचौलियों का काम भी खत्म हो गया है। वहीं विवाह के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर ही विवाह की तारीख और सूचना एसएमएस से भेजी जा रही है। यही वजह है कि पोर्टल बनने के बाद अगस्त से अभी तक 68,825 आवेदन ऑनलाइन आ चुके हैं। इस योजना के तहत कन्या का बैंक खाता होना अनिवार्य है। इन खातों को आधार कार्ड से लिंक करवाया जा रहा है।

## एक नज़र

### मायावती ने कहा- चुनावी नतीजे विचित्र और रहस्यमयी, दस दिसंबर को पार्टी नतीजों को लेकर करेगी मंथन

संवाददाता



**लखनऊ।** सोमवार को एक्स पर मयावती ने कहा कि चार राज्यों के हालिया विधानसभा चुनाव के परिणाम एक पार्टी के पक्ष में एकतरफा होने से सभी लोगों का अचंभित व चिंतित होना स्वाभाविक है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने चार राज्यों के चुनावी नतीजों को विचित्र और रहस्यमयी करार दिया है। सोमवार को एक्स पर जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि चार राज्यों के हालिया विधानसभा चुनाव के परिणाम एक पार्टी के पक्ष में एकतरफा होने से सभी लोगों का शंकित, अचंभित व चिंतित होना स्वाभाविक है। चुनाव के पूरे माहौल को देखते हुए ऐसा विचित्र परिणाम लोगों के गले के नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे चुनाव के दौरान माहौल एकदम अलग व कांटे के संघर्ष जैसा दिलचस्प रहा। हालांकि चुनाव परिणाम उससे बिल्कुल अलग होकर पूरी तरह से एकतरफा हो गये। यह ऐसा रहस्यात्मक मामला है, जिस पर गंभीर चिंतन व उसका समाधान जरूरी है। लोगों की नब्ज पहचानने में भयंकर 'भूल-चूक' चुनावी चर्चा का नया विषय है। बसपा के सभी लोगों ने पूरे तन, मन, धन व दमदारी के साथ यह चुनाव लड़ा। जिससे माहौल में नई जान आई, लेकिन उन्हें ऐसे अजूबे परिणाम से निराश कतई भी नहीं होना है और डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहना है। इस चुनावी परिणाम के संदर्भ में जमीनी रिपोर्ट लेकर आगे लोकसभा चुनाव की नए सिरे से तैयारी पर विचार-विमर्श के लिए पार्टी की ऑल इंडिया बैठक आगामी 10 दिसंबर को लखनऊ में बुलाई गयी है। चुनाव परिणाम से विचलित हुए बिना आंबेडकरवादी मूवमेंट आगे बढ़ने का हिम्मत कभी भी नहीं हारेगा।

### झमाझम बरसात से भीगा लखनऊ, कल से मिचौंग तूफान का दिखेगा असर

संवाददाता



**लखनऊ।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण चक्रवाती हवा का क्षेत्र मध्य पाकिस्तान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास का इलाका बना हुआ है। इस कारण मौसम में बदलाव शुरू हो गए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण चक्रवाती हवा का क्षेत्र मध्य पाकिस्तान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास का इलाका बना हुआ है। इस कारण मौसम में बदलाव शुरू हो गए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाद अब लखनऊ समेत मध्य यूपी में भी मौसम का असर नजर आ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मिचौंग तूफान लौटते वक्त यूपी पर असर डालेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, कानपुर देहात, खीरी, सीतापुर, अलीगढ़, आगरा, औरैया, बदायूं, बरेली, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, कासगगंज, जालौन, झांसी, रामपुर, संभल, शाहजहांपुर समेत आसपास बरसात रिकार्ड हुई है। बादल छाए हुए हैं और अभी ये दौर जारी रहेगा।

**जाते-जाते यूपी को करेगा प्रभावित मिचौंग तूफान**

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, छह और सात दिसंबर के करीब मिचौंग की वापसी होगी, इसके कारण दक्षिण पूर्वी यूपी, खासकर छत्तीसगढ़ व झारखंड से लगे इलाके में इसका असर देखने को मिलेगा।

### अशोका ब्रांड के तेल और घी खरीदने पर शानदार ऑफर, उपहार में मिलेगा इनोवा क्रिस्टा




**लखनऊ।** प्रसिद्ध ब्रांड डाटा ग्रुप की ओर से व्यापारियों के लिए एक शानदार ऑफर प्रस्तुत किया गया है। इस ऑफर के तहत अशोका ब्रांड की कच्ची घानी सरसों तेल, वनस्पति घी और रिफाइंड तेल की खरीदारी पर अलग-अलग उपहार देने की घोषणा की गई है। व्यापारियों को इस ऑफर के तहत चांदी, सोना और कार जैसी बहुमूल्य चीजें जीतने का शानदार मौका दिया गया है। व्यापारियों को इस ऑफर के तहत 300 टन की खरीदारी पर 100 ग्राम चांदी, 600 टन की खरीदारी पर 10 ग्राम सोना, 800 टन की खरीदारी पर 30 ग्राम सोना, 1400 टन की खरीदारी पर मारुति स्विफ्ट डिजायर, 1900 टन की खरीदारी पर मारुति ब्रेजा और 2400 टन की खरीदारी पर इनोवा क्रिस्टा कार उपहार में दिए जाएंगे। यह ऑफर 1 अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक मान्य है। व्यापारियों को लकी ड्रॉ के तहत भी उपहार दिए जाएंगे। इस लकी ड्रॉ में तीन दिन दुबई की यात्रा शामिल होगी। जहां फ्लाइट टिकट के साथ होटल में तीन दिन और दो रात की सुविधा होगी। लकी ड्रॉ के जरिये 9 टन का हर ट्रक अपने आप लकी ड्रॉ का हिस्सा बन जाएगा। इसके जरिए 5 विजेताओं का चयन किया जाएगा। डाटा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री अजय डाटा ने कहा कि यह ऑफर व्यापारियों के लिए है, जिन्होंने वर्षों से अशोका सरसों तेल को चुना है। कंपनी लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का सरसों का तेल प्रदान करती है। यही कारण है कि खाद्य तेल के रूप में इसने अपनी अलग पहचान स्थापित की है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे टाउनशिप बसाने का खाका तैयार

## किसानों की 2000 एकड़ जमीन ली जाएगी

एजेंसी

**लखनऊ।** जिन गांवों की जमीन पर टाउनशिप बसाई जाएगी, उनमें चांद सराय, कासिमपुर बिरुहा, हबुआपुर, मोअज्जमनगर, सठवारा, पहाड़नगर टिकरिया, सिद्धपुरा, कबीरपुरम, मगहुआ, बेली एवं भटवारा शामिल हैं। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे छह लाख की आबादी वाली टाउनशिप बसाने का खाका खींच लिया है। मोहनलालगंज क्षेत्र में स्थित नई जेल के पास यह टाउनशिप होगी। यहां लोगों को प्लॉट मिल सकेंगे। इसके लिए 11 गांवों के किसानों की 2000 एकड़ जमीन ली जाएगी। दावा किया जा रहा है कि एक माह में इसका ले-आउट भी तैयार हो जाएगा। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद किसानों की जमीन के अधिग्रहण की तैयारी कर रही है। जिन गांवों की जमीन पर टाउनशिप बसाई जाएगी, उनमें चांद सराय, कासिमपुर बिरुहा, हबुआपुर, मोअज्जमनगर, सठवारा, पहाड़नगर टिकरिया, सिद्धपुरा, कबीरपुरम, मगहुआ, बेली एवं भटवारा शामिल हैं। यहां के किसानों को नोटिस जारी करने का काम चल रहा है।

**40 से 45 मीटर चौड़ी होंगी सड़कें**

टाउनशिप में आधी जमीन तो सड़क, ड्रेनेज, नाली आदि बनाने में ही चली जाएगी। महज 50 फीसदी



जमीन पर ही प्लॉट कटेंगे, जिसमें से 5 फीसदी व्यावसायिक होंगे। प्रमुख सड़कें 40 से 45 मीटर चौड़ी होंगी।

**कॉम्प्लेक्स के साथ बनेंगे अपार्टमेंट**

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे बसने वाले शहर में आवास विकास व्यावसायिक केंद्रों एवं रिहायशी मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के निर्माण के लिए भी बड़े-बड़े प्लॉट काटेगा, जिस पर बिल्डर निर्माण करके बाजार और फ्लैट विकसित करेंगे। ऐसे प्लॉट अनुमानित 1000 एकड़ जमीन के पांच फीसदी हिस्से पर काटे जाएंगे।

**स्कूल और अस्पताल के लिए भी होंगे प्लॉट**

टाउनशिप में रहने वाले परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके एवं बीमार होने पर अच्छा उपचार हो सके, इसके लिए प्राइमरी स्कूल, इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन कॉलेजों के साथ ही अस्पतालों के लिए भी प्लॉट आरक्षित किए जाएंगे।

**सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा**

आवास विकास सूत्रों ने बताया कि जिन गांवों के किसानों की जमीन का अधिग्रहण होगा, उनको सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा मिलेगा। अफसरों का अनुमान है कि मुआवजा दर औसतन 45 लाख रुपये प्रति बीघा हो सकता है। दरअसल, अलग-अलग गांवों की जमीन का सर्किल रेट अलग-अलग है, जिससे मुआवजा दर भी अलग-अलग ही तय की जाएंगी।

**इधर, एलडीए ने शासन से मांगी 2882 एकड़ जमीन के अधिग्रहण की मंजूरी**

सुल्तानपुर रोड की आईटी सिटी एवं वेलनेस सिटी टाउनशिप को धरातल पर उतारने के लिए एलडीए ने 2882 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करने के लिए शासन की मंजूरी मांगी है। एलडीए वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि इस सिलसिले में अपर मुख्य सचिव आवास को पत्र भेजा गया है। 2882 एकड़ में से 1582 एकड़ में आईटी सिटी एवं 1300 एकड़ में वेलनेस सिटी विकसित होगी। दोनों टाउनशिप का ले-आउट भी तैयार हो चुका है।

**आईटी सिटी एवं वेलनेस सिटी के लिए इन गांवों की जमीन ली जाएगी**

सोनिकपुरवा, वीरमपुर, कुंवर बहादुर खेड़ा, जगमतखेड़ा, उम्मीदखेड़ा, जगन्नाथगंज, परेहटा, रकीबाबाद, आदमपुर एवं तकिया की जमीन का अधिग्रहण करने की अनुमति मांगी गई है। उम्मीद है कि दो सप्ताह में मंजूरी मिल जाएगी। इसके बाद अधिग्रहण की अधिसूचना जारी कर मुआवजा बांटने की प्रक्रिया शुरू होगी।

# विधानसभा चुनाव परिणाम: बसपा के हाथ आई निराशा मप्र-छत्तीसगढ़ में रही खाली हाथ, राजस्थान में नीचे गिरा ग्राफ

,लखनऊ। मध्य प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा ने 5.01 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए दो सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इस बार मध्य प्रदेश में उसे 3.35 प्रतिशत वोट ही मिले सके और कोई भी सीट उसके हिस्से में नहीं आई। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे बहुजन समाज पार्टी की उम्मीदों से इतर आए हैं। राजस्थान में पिछले बार छह सीटें जीतने वाली बसपा को इस बार यहां महज दो सीटों से संतोष करना पड़ा है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन के बावजूद उसे निराशा ही हाथ लगी है। पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा को राजस्थान में छह, मप्र में दो और छत्तीसगढ़ में दो सीटें मिली थीं। हालांकि तीनों राज्यों में बसपा को सपा से अधिक वोट मिले हैं। बसपा ने अपना जनाधार बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में अपने प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा था। पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद बीते कई महीनों से छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में बसपा संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार जनसभाएं कर रहे थे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन कर मध्य प्रदेश और



छत्तीसगढ़ की सियासत में बड़ा परिवर्तन करने और किंगमेकर की भूमिका में आने की रणनीति बनाई थी। जबकि राजस्थान और तेलंगाना में अपने दम पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया था।

**गठबंधन में आई एक सीट, लेकिन वोट प्रतिशत भी हुआ कम**

राजस्थान में वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 4.08 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए छह सीटें जीती थी। हालिया चुनाव में उसे 1.82 प्रतिशत वोट के साथ महज दो सीटें ही मिली हैं। सादुलपुर से पार्टी प्रत्याशी मनोज कुमार और बारी सीट से जसवंत सिंह गुर्जर ने जीत हासिल की है। मध्य प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा ने 5.01 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए दो सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इस बार मध्य प्रदेश में उसे 3.35 प्रतिशत वोट ही मिले सके और कोई भी सीट उसके हिस्से में नहीं आई। छत्तीसगढ़ चुनाव में उसे 2.07 प्रतिशत वोट मिले हैं और गठबंधन में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तुलेश्वर हीरा सिंह की जीत के रूप में एक सीट मिली है। पिछली बार यहां उसे दो सीटें हासिल हुई थी। तेलंगाना में बसपा को 1.38 प्रतिशत हासिल हुआ, जो कोई सीट जिताने में कारगर साबित नहीं हो सका।

**बसपा से कम वोट मिला सपा को (प्रतिशत में)**

| राज्य | बसपा | सपा |
|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 3.35 | 0.46 |
| राजस्थान | 1.82 | 0.01 |
| छत्तीसगढ़ | 2.07 | 0.04 |

# दागदार खाकी व्यापारी को लूटने वाले दो पुलिसकर्मी समेत सात पर एफआईआर

## 1.20 लाख की मांगी थी फिरौती

एजेंसी

**लखनऊ।** बिजनौर निवासी इश्तियाक कपड़े का व्यापार करते हैं। 29 नवंबर को वह आजमगढ़ में कपड़ा बेचने गए थे। बसअड्डे के पास से बोलेरो सवार लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उनको उठा लिया था। बिजनौर के व्यापारी का आजमगढ़ से अपहरण कर लखनऊ में बंधक बना लूटपाट करने और फिरौती मांगने के मामले में दो पुलिसकर्मियों और दो हिस्ट्रीशीटरों समेत सात के खिलाफ शनिवार को हसनगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर खुद हसनगंज इंस्पेक्टर ने दर्ज कराई है।डीसीपी सेंट्रल की जांच के बाद ये कार्रवाई



की गई। कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। बिजनौर निवासी इश्तियाक कपड़े का व्यापार करते हैं। 29 नवंबर को वह आजमगढ़ में कपड़ा बेचने गए थे। बसअड्डे के पास से बोलेरो सवार लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उनको उठा लिया था। इश्तियाक से कहा था कि चोरी के केस में उनको उठाया गया है। अगवा करने के बाद निराला नगर स्थित चरन गेस्ट के एक कमरे में बंधक इश्तियाक को बंधक बना लिया था। उसकी पिटाई कर 20 हजार रुपये, 50 हजार के कपड़े लूट लिए थे। इश्तियाक के घरवालों को फोन कर 1.20 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। किसी तरह से इश्तियाक उनके चंगुल से निकलकर एक परिचित से मदद मांगी थी। शनिवार को मामले में हसनगंज थाने में तैनात दरोगा अनुराग द्विवेदी, हेड कांस्टेबल युसुफ हुसैन, बर्खास्त सिपाही धीरेंद्र यादव, हिस्ट्रीशीटर दिनेश गुप्ता और नसीम, शेखर उर्फ चुन्नु कुमार सिंह व एक अन्य अज्ञात पर रंगदारी, अपहरण, लूट, बलवा, मारपीट आदि गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

# आठ माह पूर्व दर्ज रिपोर्ट में आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

## पीड़ित को मिल रही धमकियां डीसीपी से लगायी गुहार

संवाददाता

**मलिहाबाद, लखनऊ।** करीब आठ माह पूर्व तथ्यों को छुपाकर फर्जी तरीके से कई बार बैनामा कराने वालों के विरुध कोई कार्यवाई न होता देख पीड़ित ने डीसीपी से आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कनार निवासी अभिषेक कुमार द्विवेदी व माल थाना क्षेत्र के ग्राम रनीपारा निवासी धर्मेंद्र सिंह ने मलिहाबाद थाने पर विगत 6 अप्रैल को एक अभियोग कूटरचना कर जालसाजी से बैनामा कराने वालों के विरुध दर्ज कराया था। जिसमें रनीपारा निवासी राजाराम, राममूर्ति सिंह, अरविन्द कुमार, राजेश कुमार रस्तोगी, हरदोई जनपद के मवई महिथा भरावन संडीला निवासी श्रीराम व माल थाना क्षेत्र के ग्राम देवरीभारत निवासिनी सरोजनी के विरुध 420, 467, 468, 471 व 120 बी के तहत उक्त लोगोंको आरोपी को बनाते हुए तहत दर्ज कराया था। मलिहाबाद थाने पर 8 माह पूर्व रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद भी आरोपियों पर कोई कार्यवाई नहीं हुई। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों की ऊंची पहुच और रसूख के चलते 8 माह गुजरने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने से आरोपियों के हौशले बुलन्द है। न्याय पाने की आस में पीड़ित पक्ष ने पुलिस आयुक्त को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि दबंग आरोपी मुकदमे में जबरन डरा धमका कर सुलह करने का दबाव बना रहे है। लगातार मिल रही धमकियों से आहत पीड़ित न्याय पाने की आस में दर बदर भटकने को मजबूर है।

## सम्पादकीय

# भाजपा की जीत और 2024 का आम चुनाव

### तीन राज्यों के चुनावी नतीजों में छिपा लोकसभा चुनाव का नरेटिव

देश में लोकसभा चुनाव से पांच महीने पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में हिंदी पट्टी में भाजपा की जबर्दस्त जीत केवल मोदी की लोकप्रियता की कायमी पर मोहर ही नहीं है, इसने आगामी लोकसभा चुनाव का नरेटिव भी सेट कर दिया है। भाजपा ने मोदी का चेहरा आगे कर विधानसभा के साथ-साथ आगामी लोकसभा चुनाव में भी मोदी की लोकप्रियता की सफल प्री टेस्टिंग कर ली। - फोटो = अमर उजाला

देश में लोकसभा चुनाव से पांच महीने पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में हिंदी पट्टी में भाजपा की जबर्दस्त जीत केवल मोदी की लोकप्रियता की कायमी पर मोहर ही नहीं है, इसने आगामी लोकसभा चुनाव का नरेटिव भी सेट कर दिया है। ये है मोदी की गारंटी और मोदी का नया जातिवाद। दरअसल, ये कांग्रेस की चुनावी गारंटियों और क्षेत्रीय दलों के जातिवाद के मुद्दों का नया जवाब है। इन तीनों हिंदी भाषी राज्यों में से दो में सत्तारूढ़ और एक में सत्ताकांक्षी कांग्रेस की करारी हार में छिपा सबक यह भी है कि अगर उसे राष्ट्रीय पार्टी बने रहना है तो उसे क्षेत्रीय दलों के मुद्दों की पिच पर बैटिंग करना छोड़कर खुद को अखिल भारतीय सोच के साथ ही मतदाता के पास जाना होगा। दूसरे, चुनाव प्रबंधन की परीक्षा में कांग्रेस को माइक्रो मैनेजमेंट के पेपर में प्रथम श्रेणी के अंक लाने होंगे। इन नतीजों ने यह भी साबित किया कि लोकतंत्र में चुनाव केवल परसेप्शन, सोशल मीडिया एक्टिवनेस और प्रायोजित सर्वे के भरोसे नहीं जीते जाते। जनमानस को भांपने और जनाकांक्षा को संतुष्ट कर सकने के काम और वादों को पूरा करने से जीते जाते हैं।

**हर राज्य में जीत की एक कहानी है–**

पांच राज्यों में से राजस्थान को हम इस आधार पर अलग रख सकते हैं कि वहां बीते 30 सालों से हर पांच साल बाद सत्ता बदलने का रिवाज है। लेकिन इस रिवाज में भी इस बार नई बात भाजपा को स्पष्ट बहुमत का मिलना है, वरना वहां ज्यादातर समय सरकारें बहुत किनारे के बहुमत के साथ बनती रही है और उसे टिकाने के लिए मुख्यमंत्रियों को गहलोत की तरह 'जादूगरी' दिखानी पड़ती रही है। लेकिन राजनीति शास्त्र के हिसाब से मप्र और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम वाकई अध्ययन करने लायक हैं। दरअसल, भाजपा ने बरसों की एंटी इनकम्बेंसी को प्रो- इनकम्बेंसी में बदला तो छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार, जिसे ज्यादातर लोग अजेय मानकर चल रहे थे, को भाजपा ने बिना किसी चेहरे को प्रोजेक्ट किए और आरंभिक हिचक के बाद चुनाव अभियान को तेज करके सत्ता से दमदार तरीके से बेदखल किया। यहां हमे भाजपा और कांग्रेस की चुनाव रणनीति और प्रबंधन के फर्क को समझना जरूरी है। कांग्रेस आला कमान ने तीनो राज्यों में क्षेत्रीय क्षत्रपों पर भरोसा किया, जबकि भाजपा ने मोदी का चेहरा आगे कर विधानसभा के साथ-साथ आगामी लोकसभा चुनाव में भी मोदी की लोकप्रियता की सफल प्री टेस्टिंग कर ली। यह भाजपा में क्षत्रप संस्कृति के समापन का समारोही ऐलान भी था। बेशक मप्र की जीत में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अहम भूमिका रही है। उन्हें राज्य में पांचवीं बार सीएम प्रोजेक्ट भले न किया गया हो, लेकिन उन्होंने इसे भी अपनी ताकत बनाकर अपने और प्रकारांतर से भाजपा के पक्ष में लहर में तब्दील करने में जबर्दस्त कामयाबी हासिल कर ली। पार्टी को उन्हें अनदेखा करना आसान नहीं होगा। दूसरे, मप्र में शिवराज सरकार के खिलाफ जबर्दस्त और परिवर्तनकारी एंटी इनकम्बेंसी है, यह परसेप्शन कैसे बना और किसने बनवाया? यह व्यक्तिगत पसंद और नापसंद पर आधारित था, आम जनता का उससे खास लेना-देना नहीं था। अलबत्ता भाजपा कार्यकर्ताओं में असंतोष जरूर था। और इसी एंटी इनकम्बेंसी के अर्द्धसत्य आधारित परसेप्शन को 'ब्रह्मसत्य' मानकर कांग्रेस ने अपनी चुनावी रणनीति तैयार की, जिसका खोखलापन मप्र में मतदाता ने भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में 8 फीसदी वोट ज्यादा देकर साबित कर दिया। लेकिन इन चुनावों का राजनीतिक नवनीत वो मुद्दे हैं, जिनको लेकर भाजपा और एनडीए गठबंधन अगले साल में अप्रैल मई में होने वाले लोकसभा चुनाव में जाना चाहेगा। पहला तो गारंटी है। इस देश में रेवड़ी कल्चर की शुरुआत दक्षिणी राज्य तमिलनाडु से हुई थी, जिसका उत्तर भारत में बीजारोपण आम आदमी पार्टी ने किया। इसका उसे खूब राजनीतिक लाभ भी मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुरू में तो इस रेवड़ी कल्चर से देश को आगाह किया, लेकिन बाद में वो और उनकी पार्टी खुद इसी रंग में रंग गए। ऐसे में रेवड़ियों के बूते सत्ता का महल सजाने वाली पार्टियां, जिनमें कांग्रेस भी शामिल है, यह भूल गई कि रेवड़ियों की प्रतिस्पर्धा में भाजपा उन्हें मीलों पीछे छोड़ सकती है, क्योंकि आज की तारीख में सबसे ज्यादा संसाधन उसी के पास है। मप्र, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में वही हुआ। कांग्रेस ने इस रेवड़ी कल्चर पर अपनी गारंटी का मुलम्मा चढ़ाया तो मोदी ने इसे ही अपनी गारंटी बताकर उसे राजनीतिक सिक्योरिटी बांड में तब्दील कर दिया। अगले लोकसभा चुनाव में यह बांड पूरी ताकत से बेचा जाएगा। इसमें दो राय नहीं कि हिंदू समाज और खासकर उत्तर पश्चिम भारत में मोदी के दीवानों की कमी नहीं है। यह दीवानगी समूचे पिछड़े वर्ग में तो है ही, सवर्णों में भी जबर्दस्त है। आंशिक रूप से मोदी दलित और आदिवासियों में भी कबूल हो चुके हैं। लोगों की यह मोदी भक्ति तर्कों और प्रश्नों से परे है। इसमें जल्द कोई कमी आएगी, यह मान लेना खुद को भ्रम में रखना है।

**मोदी की क्षमता और नजरिया–**

एक तरह से यह मान लिया गया है कि मोदी जी करिश्माई इंसान हैं। वो जो कहते हैं वो करते हैं। और वो वही करते हैं, जो बहुतांश हिंदू मन चाहता है। यह हकीकत है कि मोदी की इस गजब विश्वसनीयता पर विरोधियों द्वारा लगाए जाने वाले तमाम प्रश्नचिन्ह जनता ने खारिज कर दिए हैं। यानी कांग्रेस अथवा दूसरी विपक्षी पार्टियों की रेवड़ियों अथवा गारंटियों पर मोदी की गारंटी भारी पड़ी है और आगे भी भारी पड़ेगी। इसका असर उन दक्षिणी राज्यों में भी दिखेगा, जिनके बारे में कहा जा रहा है कि वहां भाजपा के लिए दरवाजे पहले ही नहीं खुले थे या फिर खुलने के बाद अब बंद हो गए हैं। यानी वहां विधानसभा चुनाव में मोदी का जादू भले न चला हो, लोकसभा में वो कुछ न कुछ असर जरूर दिखाएगा। एक और मुद्दा है मोदी का नया जातिवाद। देश में ओबीसी जातिगणना को लेकर मोदी सरकार पर बनाए जा रहे राजनीतिक दबाव और हिंदू एकता के बरक्स मंडल राजनीति की चिंगारी को फिर से हवा देने की सुनियोजित कोशिशों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंदू सहित सभी समाजों की चार नई जातियां गिनाना शुरू किया है। ये हैं युवा, महिला, किसान और गरीब। इसे मंडल राजनीति-2 के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। समूचे देश में यह दांव कितना कारगर होगा, यह देखने की बात है, लेकिन तीन हिंदी भाषी राज्यों में तो यह कामयाब रहा है। मतदाता ने कांग्रेस के जातिगणना के वादे को खास तवज्जो नहीं दी। खासकर मप्र में ये मुद्दा इसलिए भी बेअसर रहा, क्योंकि यहां बीजेपी बीस साल से पिछड़ों की राजनीति ही कर रही है और अधिकांश पिछड़ी जातियां राष्ट्रीय स्तर पर मोदी को ही अपना आइकन मानती हैं और इसमें कोई फर्क शायद ही पड़े।

**कांग्रेस की गलतियां और संगठन–**

यहां सवाल यह है कि इन परिस्थितियों में कांग्रेस को आखिर किस तरह की राजनीति करनी चाहिए और जाति गणना का मुद्दा उठाने से उसे क्या लाभ मिलना है? यह सवाल इसलिए भी अहम है, क्योंकि कांग्रेस में शीर्ष स्तर पर आज भी ओबीसी नेताओं की संख्या नगण्य है। वहां ज्यादातर अगड़े और गिने चुने दलित नेता ही हैं। राहुल गांधी ने चुनाव के दौरान जैसे जैसे ओबीसी का मुद्दा उठाना शुरू किया, कहते हैं कि वैसे वैसे कमलनाथ के मन में यह शंका घर करती गई कि यदि पार्टी सचमुच चुनाव जीती तो कहीं आला कमान ऐन वक्त पर किसी ओबीसी को सीएम न बना दे। ओबीसी राजनीति के प्रति अनावश्यक झुकाव कांग्रेस के लिए आत्मघाती ही होगा। दूसरा मुद्दा सनातन का रहा। हालांकि, सनातन धर्म पर हमला कांग्रेसनीत् इंडिया गठबंधन में शामिल डीएमके ने किया था, जो तमिलनाडु की राजनीति के हिसाब से सही भी हो सकता है, लेकिन कांग्रेस ने उससे खुद को अलग नहीं किया। जबकि यह बहुसंख्य हिंदुओं की आस्था पर सीधी चोट थी। बीजेपी ने उत्तर भारत में इसी बिना पर कांग्रेस पर हमले किए कि वह सनातन धर्म विरोधी है।

# वंशवादी राजनीति की हार में जीत गई भाजपा की सियासत

## रेवंत रेड्डी को महत्व देना और बीआरएस-भाजपा-एआईएमआईएम को एक बताना तेलंगाना में कांग्रेस के पक्ष में काम कर गया।



पांच में से जिन चार राज्यों के चुनावी नतीजे आए हैं, उनमें से तीन में नरेंद्र मोदी का जादू जबर्दस्त तरीके से चला है। शीत सत्र की आज से हो रही शुरुआत के बीच विधानसभा चुनावों के ये नतीजे भाजपा की मजबूती के बारे में ही बताते हैं। तेलंगाना का नतीजा हालांकि भाजपा के अनुकूल नहीं है, जहां कांग्रेस को विजय मिली है। लेकिन बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) और केसीआर परिवार को राजनीतिक रूप से ध्वस्त करने में भाजपा की भूमिका रही। तेलंगाना में कांग्रेस की जीत की वजह राज्य में केसीआर की वंशवादी राजनीति के प्रति मतदाताओं की नाराजगी है। केसीआर के बेटे केटीआर और बेटी कविता को लगातार जिस तरह महत्व मिलता रहा, उससे आम मतदाता ही नहीं, पार्टी में भी बहुत सारे लोग असहज थे। इसके अलावा यह याद रखना चाहिए कि कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश को विभाजित कर जिस तरह स्वतंत्र तेलंगाना राज्य बनाया, उसके लिए राज्य के लोग कांग्रेस के प्रति कृतज्ञ हैं और सोनिया गांधी की छवि वहां अम्मा की है। तेलंगाना में स्थानीय कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने अपने चुनाव अभियानों में केसीआर परिवार के खिलाफ जबर्दस्त माहौल बनाया था। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है, तो केसीआर की गिरफ्तारी तय है। राहुल गांधी और प्रियंका के चुनाव अभियानों का भी मतदाताओं पर प्रभाव पड़ा। मुस्लिम वोट तो केसीआर और ओवैसी की पार्टियों से खिसककर कांग्रेस की झोली में गया ही, हिंदू वोट भी भाजपा से खिसक गए। लिहाजा सही अर्थों में तेलंगाना में कांग्रेस की जीत को रेवंत रेड्डी के पक्ष में चली लहर का नतीजा कह सकते हैं। बताया यह जा रहा था कि राहुल गांधी की %भारत जोड़ो यात्रा% का तेलंगाना में कोई खास असर नहीं था, लेकिन सच्चाई यह है कि मतदाताओं ने राहुल की उस यात्रा को बेहद सकारात्मकता के साथ लिया। पड़ोसी आंध्र प्रदेश की तुलना में तेलंगाना में राहुल गांधी की %भारत जोड़ो यात्रा% के प्रति स्थानीय लोगों में भारी उत्साह था। पार्टी द्वारा रेवंत रेड्डी को समुचित महत्व देना, राज्य इकाई में व्याप्त आपसी फूट सुलझा लेना, कर्नाटक की जीत को भुनाना, बीआरएस की योजनाओं की तीखी आलोचना करना और बीआरएस-भाजपा-एआईएमआईएम को साझेदार बताना चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में काम कर गया। यह अलग बात है कि 2014 में पृथक राज्य बने तेलंगाना में पहली बार अपनी सरकार बनाने के बारे में कांग्रेस इस साल की शुरुआत में भी उतनी आश्वस्त नहीं थी। तेलंगाना में केसीआर की वंशवादी राजनीति की हार ने चूंकि वंशवाद और भ्रष्टाचार के आपसी रिश्ते को रेखांकित किया, लिहाजा यह नतीजा अखिलेश यादव, एमके स्टालिन और उद्धव ठाकरे जैसों के लिए एक संदेश भी है, जिन्हें राजनीति विरासत में मिली। चार राज्यों के चुनावी नतीजे एक बार फिर लोकतंत्र की शक्ति के बारे में बताते हैं, जिसमें वोट की ताकत सरकार बदलने में सक्षम है। चार में से तीन राज्य जीतकर भाजपा और नरेंद्र मोदी अब बेहद आश्वस्ति के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। कांग्रेस ने भले ही तेलंगाना जीता हो, लेकिन छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उसने अपनी सरकार गंवा दी। दरअसल चुनावी हिंदुत्व से कांग्रेस को लाभ नहीं, बल्कि नुकसान ही होता है। विपक्षी गठबंधन %इंडिया% से जुड़े द्रमुक के उदयनिधि ने सनातन धर्म के खिलाफ जो टिप्पणी की, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान जैसे हिंदी भाषी प्रदेशों के मतदाताओं ने उसके लिए कांग्रेस को दंडित किया। आदिवासी वोटरों के भाजपा के पाले में जाने से भी कांग्रेस का नुकसान हुआ और छत्तीसगढ़ में जल, जंगल, जमीन का राहुल गांधी का नारा विफल साबित हुआ। राहुल गांधी के लगातार विदेश दौरों का हिंदी प्रदेश के इन तीन चुनावी राज्यों के मतदाताओं पर अच्छा संदेश तो नहीं ही गया, अदाणी के खिलाफ उनके आक्रामक रुख के कारण भी उत्तर भारतीय मतदाताओं ने कांग्रेस के प्रति बेरुखी दिखाई हो, तो आश्चर्य नहीं। कुल मिलाकर, यह नतीजा विपक्ष के लिए बेहद निराशाजनक है।

# जनतंत्र की चाल पर, कुछ संदेश इधर भी



जब नैरेटिव बनाने की कला पर सर्वाधिक समय, श्रम और धन खर्च होने लगे, तो संदेह का विचित्र वातावरण बन जाता है और कोहरे में पहाड़ भी नहीं दिखाई देते। ताली और आंसू विशेषज्ञों और विचारकों का काम नहीं है। यदि आप थर्मामीटर हैं, तो उबलते पानी में डूबने पर सही तापमान ही बता सकते हैं, बर्फ नहीं। आइंस्टीन ने अपनी रिलेटिविटी थ्योरी में एक गलती की, उन्होंने क्वांटम मैकेनिक्स में अनिश्चितता का सिद्धांत शामिल नहीं किया। भगवान भी इस सिद्धांत को तोड़ नहीं सकता।

**–स्टीफन हॉकिंग का प्रति-विचार**

इन दोनों वैज्ञानिक कथनों का कल के चुनाव परिणामों से क्या सम्बन्ध है? क्या उतना ही, जितना एग्जिट पोल के मनोरंजन और वास्तविक आंकड़ों के बीच है? या फिर न हॉकिंग, न आइंस्टीन- दरअसल यह अपनी-अपनी कामनाओं से भरे विशिष्ट व्यक्तियों का समूह गान है, जो सुनने के लिए हम सब धीरे-धीरे अभ्यस्त होते जा रहे हैं? वरिष्ठ पत्रकार कमर वहीद नकवी ने कहा ही है, ये कांग्रेस की हार पर जो विश्लेषण अब आ रहे हैं, वे तब क्यों नहीं आए, जब टिकट बंट रहे थे, जब प्रचार चल रहा था, जब वोट पड़ चुके थे और जब एग्जिट पोल भी आ चुके थे। जब नतीजे आ गए, तो चारों तरफ विश्लेषण ही विश्लेषण दिख रहे हैं। आंकड़ों का गलत होना और चौंकाने वाले नतीजों का आना कोई नई बात नहीं है। खासतौर से तब, जबकि हर कोई पूरी रिपोर्ट के बाद लिख दे- देखते हैं ऊंट किस करवट बैठता है। (ऊंट पर सब डालकर भार-मुक्त होना भी एक आर्ट होती होगी।) मगर नतीजों से पहले तक हर कोण से यह सिद्ध करने की कोशिश करना कि यही होने जा रहा है-जबकि वास्तविकताएं विपरीत हों- यह नई बात है। कहीं-कहीं तो यह भी कह दिया गया था कि जनता ने मूर्खताएं न कीं, तो सही नतीजे आ जाएंगे। यानी मन मुताबिक न हो, तो जनता ही मूर्ख ठहरी। यह एक अनूठा सिद्धांत है, जो हर मैथ के भक्तों की नई पांत ने हाल में प्रस्थापित किया है। दिलचस्प यह है कि इस सिद्धांत को अलग-अलग जगह चयनित रूप से लागू किया जाता है। मुफ्त की चीजें बांटने का सिद्धांत हो या अदाणी नामक मुहावरे का इस्तेमाल, अलग-अलग जगहों से पर अलग अलग जेबों से ये रूमाल निकलते हैं। यहां तक कि हिंदू राष्ट्र और सनातन की सेवा भी सुविधानुसार हर तरफ से हो रही है। जब नैरेटिव बनाने की कला पर सर्वाधिक समय, श्रम और धन खर्च होने लगे, तो संदेह का विचित्र वातावरण बन जाता है और कोहरे में पहाड़ भी नहीं दिखाई देते। इसीलिए, कल सुबह-सुबह उठकर राष्ट्र के नाम सन्देश की तरह ट्वीट करने वाले दोपहरी तक दर्शनशास्त्र की पंक्तियां कहने लगे। शाम आते-आते उन्हीं विचारों में परब्रह्म विराजमान हो गए। दरअसल चुनाव तो राजनीतिक दलों द्वारा लड़े जाते हैं। समकालीन परिस्थितियां, वैचारिक संघर्ष, देश का मिजाज दलों की अंदरूनी परिस्थितियां, नेतृत्व की रणनीति और जन-विश्वास की गारंटी इसके मुख्य कारक होते हैं। जनता का मन जानना एक गहरी निरपेक्षता से ही संभव है। इमर्जेन्सी के बाद चुनाव हुए, तो उसी विश्वास की नब्ज पर हाथ रखते हुए विद्वान संपादक शृंखला लिख सकते थे-कि-इन्हें वोट क्यों न दें! क्योंकि उसमें समग्र विश्वास की गारंटी थी, चयनित विचारों का प्रोपोगेंडा नहीं। जब क्षरित विश्वास के वातावरण में मुद्राओं का बाजार गर्म होने लगे, तो प्रतिमाएं गढ़ी जाने लगती हैं, जो थोड़े-थोड़े समय में अपने ही अंतर्विरोधों से टूटकर बिखरती भी जाती हैं। फिर-फिर प्रतिमाएं बनाई जाती हैं और फिर-फिर इस पर कथित विश्वास का नृत्य-निर्देशन संपन्न होता है। यह क्रम चलता रहता है और उसे ही सिद्धांत का रूप दे दिया जाता है। इतना सुनियोजित कि यह अचानक सत्य की खुदाई किताब लगने लगता है। मगर, अंततः होता क्या है? जैसा कि एक अन्य साथी ने कहा, यदि आप तीन राज्यों में भाजपा की जीत और एक राज्य में कांग्रेस की जीत पर ताली बजा रहे हैं, तो आप पत्रकार नहीं, कुछ और हैं। अगर आप तीन राज्यों में कांग्रेस की हार पर आंसू बहा रहे हैं, तो भी आप पत्रकार नहीं, कुछ और हैं। ताली और आंसू विशेषज्ञों और विचारकों का काम नहीं है। यदि आप थर्मामीटर हैं, तो उबलते पानी में डूबने पर सही तापमान ही बता सकते हैं, बर्फ नहीं। अन्यथा, या तो थर्मामीटर खराब है या जहां डुबोया गया है, वहां पानी ही नहीं है। लेकिन जनता क्या करे? अंततः वही बेहतर जानती है, वह अपना काम करती है, करती रहेगी। परसाई ने कहा ही है, 'जब शर्म की बात गर्व की बात बन जाए, तो समझो जनतंत्र बढ़िया चल रहा है।'

### हम कहानी के बिना जी नहीं सकते, आख्यानों में अनंत काल से दोहराई जा रही हैं दास्तानें

किस्सागोई की जादुई दुनिया निराली है। बचपन में सुने बाबा-दादी या नाना-नानी के किस्से-कहानियां तो सभी की यादों में बसे होते हैं। आखिर क्या खास होता था, उन कहानियों में? दरअसल, उन कहानियों को सुनाने का अंदाज इतना दिलचस्प होता था, मानो दृश्य आखों के सामने चल रहे हों। ये किस्से ही बाद में यादों के स्टेशन बन जाते हैं, जो जिंदगी में सुकून ढूंढने वालों को पनाह देते हैं। ये कहानियां मनुष्य की शुरुआती सभ्यताओं से जुड़ी हैं। कुछ शोधकर्ताओं का मानना है कि भाषा की उत्पत्ति दो करोड़ साल से भी ज्यादा वक्त पहले हुई थी, जबकि लेखन का अस्तित्व करीब 3,200 ईसापूर्व का है। सदियों पुराने गुफा चित्र, प्राचीन चर्म पत्रों में उल्लिखित प्राचीनतम कहानी/कविताओं से विकसित होता हुआ साहित्य वर्तमान दौर में पहुंच गया है। तो इस सवाल का जवाब, कि हम कहानियां क्यों सुनते हैं, ये होगा कि क्योंकि हम इंसान हैं। हम कहानियां सुनाते हैं, जिससे हम ज्यादा मानवीय बनते हैं। कहानी सुनाना उस प्राचीन बटन को दबाने जैसा होता है, जिससे हम उस प्राचीन मूल मनुष्य की तरह बनते हैं, जो कारणों और उद्देश्यों की तलाश करते हुए खुद की खोज करने वाला है।

**पूरा ब्रह्मांड एक कहानी है**

मनुष्य का मन चीजों को संबंध के आधार पर समझता है। मन में आया हुआ हर विचार मनुष्यता का हायपरलिंक होता है, जो हमें वास्तविकता का विश्लेषण करने की अनुमति देता है। कोई कहानी एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक की प्रगति है, जो इसमें शामिल तथ्यों व घटनाओं को समझाती है। आप अपनी पसंदीदा पुस्तक का कोई पृष्ठ एकाएक खोलें और जो पहला वाक्य आपको दिखे, उस पर गौर करें। आप तुरंत समझ जाएंगे कि आप कहानी के किस बिंदु पर हैं, कौन-सी घटनाएं घट चुकी हैं और कहानी कहां खत्म होगी। इसी तरह संपूर्ण अस्तित्व को एक ही बिंदु में समाहित किया जा सकता है। यह पूरा ब्रह्मांड एक कहानी है, जो शुरू से अंत तक एक ही समय में मौजूद है। आप जिस पल का अनुभव कर रहे हैं, वह पृष्ठ खुल चुका है। हर बिंदु में पूरी कहानी समाहित है। हम सभी एक ही कहानी के हिस्से हैं। इससे कहानियों की गहरी प्रकृति का पता चलता है।

**विचारों की एक प्रयोगशाला**

कहानियां सुनाना वास्तविकता से बाहर आभासी दुनिया बनाने के लिए कल्पना का उपयोग करने की एक महत्वपूर्ण और अद्वितीय मानवीय क्षमता है। अभी तक इस बात का सबूत नहीं है कि पृथ्वी पर किसी अन्य प्रजाति के पास यह शक्ति है। कहानियों द्वारा बनाई गई आभासी दुनिया विचारों की प्रयोगशाला की तरह होती है।

# मोदी की गारंटी पर वोटर ने जताया भरोसा, सीएम के चेहरे पर असमंजस




राजस्थान में अब रुझान सीटों में तब्दील होने लगे हैं और भाजपा ने दूदू सीट से जीत की शुरुआत कर अपना खाता खोल लिया है। यह चुनाव पूरी तरह अशोक गहलोत की गारंटी बनाम नरेंद्र मोदी की गारंटी पर लड़ा गया था। रुझानों से साफ है कि भाजपा सत्ता में लौट रही है और एक बड़ी जीत दर्ज कर रही है। एग्जिट पोल के बाद कांग्रेस को थोड़ी ऑक्सीजन मिलती दिख रही थी, लेकिन कांग्रेस के सारे पासे उल्टे पड़े हैं। बड़ा सवाल फिर वही कि भाजपा में कमान किसको मिलेगी? सुबह जब मतपत्रों से गिनती शुरू हुई तो भाजपा और कांग्रेस लगभग बराबरी पर थे तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओल्ड पेंशन स्कीम की गारंटी का थोड़ा असर देखने को मिला, लेकिन जैसे ही ईवीएम से वोटों की गिनती शुरू हुई तो थोड़ी ही देर में भारतीय जनता पार्टी ने निर्णायक बढ़त बनाना शुरू कर दी। दोपहर आते-आते यह बहुमत के आंकड़े से काफी ऊपर जा चुकी थी।

**राजस्थान का सियासी रिवाज जनता ने निभाया**

राजस्थान में 1993 से एक रिवाज चला रहा है, जब हर 5 साल में सरकार बदल जाती है। इस बार अपनी सरकार की योजनाओं के भरोसे अशोक गहलोत ने दम लगाया था कि वह इस रिवाज को बदल देंगे। उन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम के अलावा चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना, महिलाओं को मोबाइल फोन, साल में 10,000 रुपए, वृद्धों को पेंशन, कॉलेज के छात्रों को लैपटॉप/टैबलेट जैसी कई लोक-लुभावन गारंटी दी थीं। नतीजे से साफ है कि गहलोत की गारंटियों को मतदाता ने सिरे से नकार दिया है। यहां तक की उनके कई मंत्री भी चुनाव हार रहे हैं। दूसरी ओर, बिना चेहरे के भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के चुनाव में उतरी थी। पार्टी ने युवाओं के पेपर लीक, किसानों के कर्जमाफी, महिलाओं के कानून व्यवस्था जैसे कई मुद्दे उठाए थे। भाजपा ने सनातन और तुष्टिकरण के मुद्दों पर भी चुनाव में बहुत अधिक फोकस किया था। एक तरह से पूरा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चेहरे पर ले लिया था। कई बड़े नेता होने के बावजूद राजस्थान में चुनाव प्रधानमंत्री के इर्दगिर्द घूमा और इसका लाभ नतीजे में देखने को मिल रहा है।

**राजस्थान में चुनाव परिणामों के रुझानों से साफ है कि भाजपा सत्ता में लौट रही है और एक बड़ी जीत दर्ज कर रही है। एग्जिट पोल के बाद कांग्रेस को थोड़ी ऑक्सीजन मिलती दिख रही थी, लेकिन कांग्रेस के सारे पासे उल्टे पड़े हैं। बड़ा सवाल फिर वही कि भाजपा में कमान किसको मिलेगी?**

**कांग्रेस के लिए कितनी मुश्किलें?**

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राजस्थान में कांग्रेस की हार के कई मायने हैं। राजस्थान ने गांधी परिवार को भी झटका दिया है और अशोक गहलोत, जो खुद को नरेंद्र मोदी के समकक्ष नेता बताने पर तूले थे, उनकी राजनीति को गहरा धक्का लगा है। सचिन पायलट, जो इस पूरे चुनाव में खामोश रहे और बेहद कम सभाएं कीं और नतीजे से पहले कहीं नजर भी नहीं आ रहे तो यही माना जा रहा है कि अब अशोक गहलोत अध्याय समाप्त होकर सचिन पायलट अध्याय राजस्थान में फिर से शुरू होगा। जानकारों का तो यह तक कहना है कि गांधी परिवार भी शायद ही चाहता था। दूसरी ओर, भाजपा में नेतृत्व को लेकर आगामी एक सप्ताह काफी मंथन वाला रहने वाला है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के अलावा केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, बाबा बालक नाथ, दीया कुमारी समेत के नाम उनके समर्थक मुख्यमंत्री की रेस में बताते हैं, लेकिन भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा कि राजस्थान की कुर्सी पर कौन बैठेगा? कुल मिलाकर भाजपा ने राजस्थान में कांग्रेस को गहरा धक्का दिया है। यह मोदी की गारंटी और चेहरे की जीत है।

# ठेकेदार द्वारा बनाई गई मनरेगा इंटरलॉकिंग चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला



**रामनगर बाराबंकी।** विकासखंड रामनगर क्षेत्र के अंतर्गत महादेवा-कड़ाकापुर संपर्क मार्ग से जाने वाली ग्राम मंझौनी मार्ग पर जल्द ही मनरेगा के तहत इंटरलाकिंग सड़क ठेकेदार अखिलेश पांडे के द्वारा बनाई गई थी। ठेकेदारी प्रथा से मानक विहीन व नियमो को दरकिनार कर बनवाये जाने से कम्पोज़िट विद्यालय मंझौनी के पास किनारे तरफ जगह-जगह इंटरलाकिंग बैठ गयी है तथा ब्रम्हचारी बाबा स्थान के समीप भी यह सड़क धस कर लगभग आधा फिट तक गड्ढा हो गया है। यदि अनजान व्यकि इस रास्ते से गुजरने की सोचे तो उसका दुर्घटनाग्रस्त होना निश्चित है। बताते चलें कि इस इंटरलाकिंग मार्ग लगवाए जाने के पहले सीसी रोड बनी हुई थी। इसी के ऊपर इस इंटरलाकिंग सड़क का चौड़ीकरण करके बालू डालकर निर्माण करा दिया गया। मानक विहीन इंटरलाकिंग निर्माण कराए जाने के सम्बंध में खबरे भी प्रकाशित हुई। यह सड़क मनरेगा के तहत ठेकेदार अखिलेश पांडे के द्वारा बनाई गई थी जिसकी अनुमानित लागत बीस लाख अड़तिस हजार तीन सौ इकहत्तर रुपये बताई जा रही है। ठेकेदार द्वारा बनाई गई यह इंटरलाकिंग निर्माण कार्य सितंबर 2022 में प्रारम्भ किया गया था। ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से बालू बिछाकर मानक विहीन इंटरलॉकिंग का निर्माण कर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। इतना ही नही सड़क की लम्बाई में हेर फेर करके दूरी बढ़ा-चढ़ा कर साढ़े चार सौ मीटर दर्शायी गयी है। यदि इसकी वास्तविक नाप की जाए तो सच्चाई का पता चलेगा। नाम गोपनीय रखने की शर्त पर कुछ सूत्रों ने बताया कि विकासखंड रामनगर के ग्राम भिटौरा, गर्री, लैन, बिंदौरा परसपुर, गोबरहा, गौखरिया, पूरेजबर, अमलोरा, मीतपुर, कटियारा, सिलौटा, कांप फत्तेउलापुर, बरियारपुर, रामपुर महासिंह, आदि दो दर्जन से अधिक पंचायतों के मनरेगा में ठेकेदारी करने वाले लोग पंचायत सचिवों एवं मनरेगा सेल में बैठे जिम्मेदार लोगों की परिक्रमा कर सेटिंग करते हुए ग्राम प्रधानों को साधने में लगे रहते है और जिम्मेदार अधिकारी इन ठेकेदारों को मुंह लगाकर जमकर प्रश्रय देते है।

# ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक सिपाही पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास नशे में धुत कार सवार ने मारी टक्कर

द अचीवर टाइम्स राज जायसवाल




**लखनऊ।** ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक सिपाही को कार सवार ने टक्कर मार दी कार सवार अपनी कार गलत दिशा से ले जा रहा था सिपाही को देख कार सवार ने उसे टक्कर मार दी और हवा में 8 से10 फीट उड़ा दिया. सिपाही लखनऊ के अवध चौराहे पे ड्यूटी पर तैनात था उत्तर प्रदेश के लखनऊ में सड़क हादसे का एक वीडियो वायरल हो रहा है. अवध चौराहे पर रविवार देर रात तेज रफ्तार कार ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी को टक्कर मार दी. कार से टक्कर से ट्रैफिक पुलिसकर्मी को काफी चोटें आई हैं. उन्हें नजदीकी के दीनबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहीं, कार चालक मौके से फरार हो गया था वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि कार के बोनट से टकराकर ट्रैफिक पुलिसकर्मी हवा में उछलकर सड़क पर गिरता है. उसके सिर और हाथ-पैर से खून निकलने लगता है. इस दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी को टक्कर मारकर भाग रहे कार सवार को पकड़ने के लिए टीएसआई और अन्य कर्मचारी दौड़े, लेकिन आरोपी भाग निकलने में कामयाब रहा. बाद में पुलिस ने ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज की मदद से कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है7

**खास बातें**

अवध चौराहे पर रविवार देर रात हुआ हादसा ट्रैफिक पुलिसकर्मी की हालत गंभीर पुलिस ने कार चालक को किया गिरफ्तार। मामले में एडीसीपी साउथ शशांक सिंह का कहना है कि ट्रैफिक सिपाही अमित कुमार रविवार रात को अवध चौराहे पर ड्यूटी कर रहे थे. अमित बीच में खड़े होकर ट्रैफिक मैनेज करने में लगे थे. इसी दौरान वीआईपी रूट से अवध चौराहे की तरफ विपरीत दिशा से एक कार आती दिखाई दी. अमित को पीछे से टक्कर मारती हुए आलमबाग की ओर चली गई एडीसीपी साउथ शशांक सिंह ने कहा कि नंबर के जरिये कार को ट्रेस किया गया. जांच में पता चला कि विषेश्वर नगर आलमबाग निवासी अभिषेक दास कार चला रहा था. उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. मेडिकल कराया जा रहा है. वह एक कार के शोरूम में सेल्समैन है।

## एक नज़र

### इंस्पेक्टर सुमन सिंह का विदाई समारोह आयोजित

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के कई थानों में चार्ज पर रहकर सराहनीय कार्य करने वाले साथ ही क्राइम को करने वाले अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने वाले इंस्पेक्टर सुमन सिंह का हुआ विदाई समारोह। आपको बता दे पिलखुवा कोतवाली में करीब ढाई महीने का कार्यकाल बिताने वाले इंस्पेक्टर सुमन सिंह सराहनीय कार्यो से जाने जाते हैं साथ ही जनता के हित में रहकर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचने में भी जाने जाते हैं। सोमवार को इंस्पेक्टर सुमन सिंह का पिलखुवा में पत्रकार बंधुओं सहित नगर के व्यापारियों ने फूल मालाओं सहित राधा कृष्ण की मूर्ति और शील्ड देकर उनका विदाई समारोह किया साथ ही नगर के व्यापारियों ने बताया इंस्पेक्टर सुमन सिंह का व्यापारियों के लिए भी सराहनीय कार्य रहा है, तो वही सुमन सिंह ने पत्रकार बंधुओ और व्यापारियों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर नगर के सम्मानित व्यापारी व प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता एवं सशक्तिकरण दिवस पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता, हापुड़।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता एवं सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जनपद स्तरीय समिति खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड़ रितु तोमर ने उपस्थित सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । विशिष्ट अतिथि मनोज गुप्ता नगर शिक्षा अधिकारी व राज किरण यादव डीसी सिविल रहे। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा संजय यादव ने कार्यक्रम की पूर्ण व्यवस्था की। मंच का संचालन अंजू आजाद व संजय शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। निर्णायक की भूमिका में जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा का योगदान रहा। सोनवीर एस आर जी, अनुजशर्मा, संदीप सिरोही, संजीव शर्मा, अखिलेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनुज शर्मा द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत करने वाले बच्चों को ?500 प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में सोनवीर सिंह, रजत रामपाल, रमेश चंद, रमाकांत सिंह, बृजेश कुमार ,लोकेंद्र मनी ,मिलन शर्मा, मीनू जैन ,मोहम्मद शाहनवाज के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी के समस्त स्टाफ ने सहयोग किया। विजेता बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व विशिष्ट अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट और मेडल प्रदान किए गए। विजेता खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है।

### प्रभारियों की लापरवाही से क्रय केंद्रों पर भीगा धान

**बाराबंकी।** क्रय केंद्रों पर तैनात प्रभारियों की मनमानी से वहां ट्रॉलियों पर लदा किसानों का धान भीग गया। वहीं सोमवार को सारा दिन किसान तौल कराने के लिए केंद्र प्रभारियों के चक्कर काटते रहे परंतु धान नहीं तौला गया। किसानों का आरोप है कि केंद्र प्रभारियों ने टोकन होने के बाद भी धान की तौल नहीं करवाई, जिससे धान भीग गया। जबकि रविवार के चलते कई किसानों का ट्रॉलियों में लदा धान क्रय केंद्रों पर तौला नहीं गया। दरियाबाद और त्रिवेदीगंज के हुसैनाबाद क्रय केंद्र पर भी कई किसानों का धान भीग गया। किसानों ने आरोप लगाया कि शनिवार को धान ट्रॉली पर लादकर लाए थे। केंद्र प्रभारियों ने मनमानी करते हुए टोकन होने के बावजूद धान की तौल नहीं करवाई। आरोप लगाया कि कुछ किसानों का धान तौला गया परंतु उनका धान नहीं तौला गया। इसी बीच रात में बारिश होने से केंद्रों के बाहर ट्रॉलियों पर लदा धान भीग गया। इस बाबत जिला खाद्य विपणन अधिकारी रमेश कुमार का कहना है कि जिन केंद्रों पर किसानों का धान भीगा है उसकी जांच कराकर लापरवाही बरतने वाले केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### चौथे दिन घर के पास नाली में मिला मासूम का शव

**बाराबंकी/सतरिख (बाराबंकी)।** थाना क्षेत्र सतरिख में शुक्रवार को लापता हुई मासूम अलीशा का शव सोमवार को उसके घर से चंद कदमों की दूरी पर नाली पर रखे पत्थर के नीचे मिला। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जाकर छानबीन की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस खेलने के दौरान मौत होने की बात कह रही है। इस मामले में कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं है। सतरिख थाना क्षेत्र के भनौली गांव निवासी हशीब की तीन साल की पुत्री अलीशा शुक्रवार की दोपहर करीब ढाई बजे घर के बाहर खेलते हुए लापता हो गई थी। इसके बाद से क्राइम ब्रांच समेत पुलिस की छह टीमें मासूम की तलाश में जुटी थीं। बाराबंकी के कई थाना क्षेत्रों के साथ पड़ोसी जनपदों में भी तलाश की जा रही थी। सोमवार को बारिश शुरू हुई तो भनौली गांव में कक्कू के घर के पास नाली पर रखे पत्थर के नीचे कुछ लोगों ने बांस डालकर सफाई शुरू की। इस दौरान किसी भारी चीज में ठोकर लगने पर ग्रामीणों ने पत्थर हटाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। चार दिन से लापता अलीशा का शव पत्थर के नीचे पड़ा था। इसकी खबर लगते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस व परिजन भी मौके पर आ पहुंचे। लगातार पानी में भीगने के कारण शव पूरी तरह से फूल गया था। सीओ सदर सुमित त्रिपाठी का कहना है कि तीन डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराने के लिए सीएमओ से कहा गया है। उधर, सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव का कहना है कि उनके पास इस तरह का कोई पत्र नहीं आया है। सामान्य तरीके से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

**सवालों के घेरे में पुलिस की थ्योरी**

अलीशा अपने घर से महज 100 मीटर की दूरी पर खेल रही थी। पुलिस की थ्योरी है कि मासूम की मौत नाली में गिरने से होने की आशंका है। अब सवाल यह उठता है कि करीब डेढ़ फीट चौड़ी और ढाई फीट गहरी नाली में गिरने के बाद मासूम ने न तो शोर मचाया और न ही किसी को वह नजर आई, जबकि मौके पर कई और बच्चे भी खेल रहे थे।

# भीम आर्मी व असपा पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद का मनाया जन्मदिन: तालिब चौधरी

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** हापुड़ में भीम आर्मी एकता मिशन के चीफ़ एवं आज़ाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आज़ाद का 36वां जन्मदिन मनाया गया। आजाद समाज पार्टी के मंडल अध्यक्ष तालिब चौधरी के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने निवास स्थान पर पहुंचकर चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिन पर केक काटा और सर्वसमाज समाज को एकजुट रहने की बात कही और जिसे जनकल्याणकारी दिवस के रूप में जन्मदिवस मनाया गया इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका केक काटकर एक दूसरों को खिलाया और उनकी दीर्घायु की कुदरत से कामना की। मंडल अध्यक्ष तालिब चौधरी ने कहा कि आज पूरे भारतवर्ष में बहुजन समाज के लिए अकेले बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद ही संघर्ष कर रहे हैं, तो ऐसे प्रिय संघर्षशील नेता के जन्मदिन को हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बहुजन समाज के लोगों में भाईचारा बनाने के उद्देश्य के साथ मनाया है। उनके संघर्ष को देखते हुए विश्व की प्रसिद्ध टाइम पत्रिका ने उन्हें दुनिया के उभरते 100 नेताओं की वार्षिक सूची में शामिल किया गया था। जो आज के समय में सही साबित होता जा रहा है। चंद्रशेखर आज़ाद का जन्म 3 दिसंबर 1986 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के छुटमुलपुर कस्बा में हुआ। मेरठ मंडल अध्यक्ष तालिब चौधरी के निवास पर भाई चंद्रशेखर शेखर आज़ाद का जन्म दिवस मनाया गया जिसमे मौजूद रहे राकेश पसवाड़ा ,अनीश चौधरी ,गौरव ,अर्जुन सिंह,वीर सिंह, विद्या सागर निमेष ,शोयब राशिद शहरयाब ,सलमान ,हबीब ताज मोहम्मद मोनू आमिर बंटी कुमार, सचिन गौतम गुलशन सिंह व पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मध्य प्रदेश राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिलें पूर्ण बहुमत की जनादेश पर नगर उपाध्यक्ष ने मिठाई वितरित कर मनाया जश्न

द अचीवर टाइम्स दीपक सिंह



**शाहजहांपुर।** रविवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मिले पूर्ण बहुमत के जनादेश पर भारतीय जनता पार्टी के शाहजहांपुर हनुमत धाम नगर के उपाध्यक्ष विकास गुप्ता ने आतिशबाजी कर घर घर जाकर लोगों को मिठाई खिला कर, धूमधाम के साथ जीत का जश्न,मनाया और भारतीय जनता पार्टी के जनता के लिए अनेक किए गए कार्यों के बारे में लोगों को बताया और सन 2024 में आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने की अपील की। इस अवसर पर शाहजहांपुर हनुमत धाम नगर के उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, सर्वेश सिंह, दर्शन राठौर, सुशील सैनी, सर्वेश सैनी, कमलेश गुप्ता, अमरदीप उर्फ़ उर्फ़ प्रशांत गुप्ता, रवि गुप्ता एडवोकेट, रामजी गुप्ता, गोलू गुप्ता आदि मौजूद रहे

# दिनभर बरसा पानी, लोगों की बढ़ी परेशानी

संवाददाता



**बाराबंकी।** जिले में सोमवार भोर से ही शहर से लेकर गांवों तक बारिश शुरू हुई जो शाम तक रुक-रुक कर जारी रही। इससे दिन का तापमान छह डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। सुबह का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जबकि रात का पारा लुढ़ककर 16 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इससे ठंड बढ़ गई। तापमान में अचानक आए बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश होने से सब्जियों की फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भरने की स्थिति में आलू, गेहूं, सरसों को भी नुकसान होगा। उधर, मौसम में हुए तेजी से बदलाव के कारण सांस व हृदय के मरीजों के लिए संकट का दौर शुरू हो गया है, ऐसे में उनको विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। वहीं बारिश मांगलिक कार्यक्रमों के लिए भी आफत बनकर आई है। शहर के तमाम लॉन से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में सजाए गए पंडाल भीग गए हैं। ऐसे में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जरूरी काम से घर से निकले लोगों को बारिश के चलते परेशानी हुई।

**जलभराव से लोगों को हुई परेशानी**

शहर के विकास भवन, देवा रोड बस स्टैंड, नाका सतरिख चौराहा, आजादनगर समेत अन्य तमाम स्थानों पर जलभराव की समस्या खड़ी हो गई। सड़क किनारे जलभराव के कारण पैदल राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। फतेहपुर में तहसील चौराहे व परिसर के भीतर जलभराव हो गया। बारिश ने फिर सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। इसी तरह सिरौलीगौसपुर, दरियाबाद, सिद्धौर समेत अन्य क्षेत्रों में भी जलभराव की समस्या रही, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई।

**सांस के रोगी सेहत का रखें ध्यान**

जिला अस्पताल में इन दिनों सर्दी, जुकाम, बुखार के साथ ही सांस के रोगियों की संख्या बढ़ी है। आम दिनों की अपेक्षा 35 से 40 मरीज प्रतिदिन सांस रोग के आ रहे हैं। डॉ. राजेश कुशवाहा कहते हैं कि ऐसे मौसम में हृदय रोगियों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना होगा। ऐस मरीज समय-समय पर अपनी जांच कराते रहें और दिक्कत होने पर तत्काल चिकित्सक से सलाह लें। नियमित व्यायाम व खानपान पर ध्यान देने की विशेष जरूरत है।

**पानी भरने से फसलों को होगा नुकसान**

हैदरगढ़ (बाराबंकी)। एनडी यूनिवर्सिटी के कृषि वैज्ञानिक डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि पहले दो दिन मौसम का तापमान बढ़ने और फिर बारिश में अचानक तापमान गिरने का सबसे अधिक असर सब्जियों पर होगा। मौसम खुलने पर आलू में झुलसा का असर रहेगा। मैंकोजेब दो ग्राम प्रति लीटर पानी में मिला कर पहले छिड़काव करने पर झुलसा के प्रकोप से बचा सकते हैं। टमाटर, बैंगन, लोबिया, फूलगोभी, पत्तागोभी, गांठगोभी, लता वाली सब्जियों, परवल को बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचेगा। मौसम साफ होने पर मैंकोजेब व कार्बेडॉजिम का मिश्रण दो ग्राम प्रति लीटर पानी में मिला कर छिड़काव करने से फफूंद जनित रोग से बचाव हो सकेगा। जल्दी बोई गई फसल में अधिक पानी से पौधा गलने की संभावना बनेगी। जिन गेहूं, सरसों के खेतों में जल्दी में सिंचाई की गई है, वहां नुकसान हो सकता है। अधिक बारिश में नुकसान से बचने के लिए खेत से पानी निकासी की व्यवस्था करें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा सिंधौली छेत्र अंतर्गत माडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर कार्यालय पर भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक संपन्न हुई




द अचीवर टाइम्स फसाद खान

**शाहजहांपुर ।** सिंधौली ब्लांक की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में ग्राम पंचायत के कार्यालय पर भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक संपन्न हुई , जिसमें सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी विकास योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से ग्राम वासियों के बीच चर्चा की गई ,एवं सभी को पूरी जानकारी दी गई द्य सभी ग्राम वासियों ने योजनाओं में आने वाले पात्र और अपात्र को भी नोट कराया , एवं बैठक में अपनी समस्याएं भी नोट कराई । सर्द मौसम को देखते हुए ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने अपने ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार ,पंचायत सहायक अनुज मिश्रा ,रोजगार सेवक लड्डन अली के साथ मिलकर निर्धन पात्र व्यक्तियों को कंबल का वितरण भी किया । एवं अगले सत्र 2024 /25 की जीपीडीपी की सभी को जानकारी भी दी ,और रास्ते व चकरोड नोट किये ।

## गोल्डन फ्लावर स्कूल में भव्य क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ समापन

# थाना अध्यक्ष ओम प्रकाश के कुशल कर कमलों द्वारा संबोधन पूर्वक किया गया

द अचीवर टाइम्स दीपक सिंह



**खुटार(शाहजहांपुर)।** गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल खुटार में बिगत तीन दिनों से चले जा रहे खेल प्रतियोगिता का समापन खुटार थाना के थाना प्रभारी श्री ओम प्रकाश जी के कुशल कर कमलों द्वारा संबोधन पूर्वक किया गया द्य जिसमें विभिन्न क्रीडा प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस के बच्चों ने बड़ी उत्सुकता व उत्साह से प्रतिभाग कर विजय श्री हासिल की द्य इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री हरदेव सिंह सिद्धू ने सभी खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की द्य इस अवसर पर सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं ने उपस्थित रहकर हर प्रकार से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया द्य प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को भविष्य में जीवन की हर प्रतियोगिता में इसी प्रकार प्रतिभा कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का सतत प्रयास करते रहने का आवाहन किया द्य विद्यालय के प्रबंधक श्री हरदेव सिंह सिद्धू एवं निदेशक श्री नवदेव सिंह सिद्धू ने विद्यालय में सभी प्रकार के समस्त आयोजन कराते रहने का आश्वासन दिया तथा कार्यक्रम में विजयी सभी प्रतिभागियों व समस्त विद्यालय परिवार को धन्यवाद देकर नववर्ष की मंगलकामना की द्य इस प्रतियोगिता में रेड हाउस ने प्रथम स्थान , येलो हाउस में द्वितीय स्थान तथा ब्लू हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया द्य विद्यालय के निदेशक श्री नवदीप सिंह सिद्धू ने रेड हाउस के कप्तान जश्नप्रीत कौर येलो हाउस के कप्तान महफूज खान तथा ब्लू हाउस के कप्तान समीक्षा वर्मा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# कोटवाधाम में अभरन सरोवर सौंदर्यीकरण कार्य जल्द होगा शुरू : अवर अभियंता

द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला/संदीप मौर्या



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के पौराणिक अभरन सरोवर जो कि बीते डेढ वर्षो से बंद पड़ा है उसके सौन्दर्यीकरण निर्माण को चालू कराने को लेकर श्रीकोटवाधाम की समाजसेवी गुड़िया देवी ने उपवास शुरू किया। उपवास शुरू ही हुआ कि अवर अभियंता के के वर्मा , सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण दिवाकर यादव एंव तकनीकी सहायक जियाउल हसन आदि अभरण सरोवर पर पंहुच कर उपवास पर बैठीं गुड़िया देवी से विस्तृत रुप से वार्ता कर शीघ्राति शीघ्र अभरण सरोवर का निर्माण कार्य शुरू कराये जाने के आश्वासन पर ज्ञापन लेकर उपवास समाप्त करा दिया गया है। बताते चलें कि जिले के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल कोटवाधाम बड़े बाबा के अभरण सरोवर को शासन के निर्देश के क्रम में अमृत सरोवर के निर्माण हेतु 66 लाख रुपये की स्वीकृति होकर निर्माण कार्य शुरू कराया था जो करीब डेढ वर्ष से बंद पडा हुआ था। जिसको चालू कराने को लेकर समाज सेवी गुड़िया देवी ने स्थानीय व जिला प्रशासन से निर्माण कार्य शुरू करवाये जानें का मुददा उठाया तथा 29 नवम्बर को अल्टीमेटम दिया था कि 4 दिसम्बर से पूर्व उपरोक्त सरोवर का निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वह 4 दिसम्बर से सरोवर स्थल पर ही उपवास शुरू करेंगी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार समाज सेवी के उपवास में दर्जनों श्रद्धालु भी सरोवर स्थल पर बैठने की सूचना पर ब्लाक प्रशासन के हाथ पांव फूल गए और सरोवर पर पंहुच कर उपवास कर रही समाजसेवी से विस्तृत रुप से वार्ता की और कार्य शुरु कराने के आश्वासन पर ज्ञापन लेकर उपवास समाप्त करा दिया है।

# संस्थापक सप्ताह आज से शुरू जनरल वीके सिंह ने ली शोभायात्रा की सलामी

संवाददाता




**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि हम जो भी काम करते हैं उससे ही हमें नाम और पहचान मिलती है। महाराणा प्रताप संस्थान के बच्चो में अनुशासन दिख रहा है। यही बच्चे देश को आगे ले जाने का काम करेंगे। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ सोमवार से हो गया है। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह मुख्य अतिथि हैं। बतौर मुख्य अतिथि समारोह के तहत निकलने वाली भव्य शोभायात्रा की सलामी ली। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संरक्षक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। किसी व्यक्ति का व्यक्तिव ही उसके विस्वास का प्रतीक बनाता है।। वही हर तरह की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप की प्रेरणा से ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने सिंचित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 25 वर्ष का कार्यकाल तय किया है। इस 25 वर्ष के कार्यकाल में देश की 142 करोड़ जनता भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का काम करेगी। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि हम जो भी काम करते हैं उससे ही हमें नाम और पहचान मिलती है। महाराणा प्रताप संस्थान के बच्चो में अनुशासन दिख रहा है। यही बच्चे देश को आगे ले जाने का काम करेंगे।

**सात दिन तक आयोजित होंगी विविध प्रतियोगिताएं**

संस्थापक सप्ताह समारोह का समापन 10 दिसंबर को होगा। इस बीच पांच से नौ दिसंबर के बीच विविध अकादमिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में गोरखपुर मंडल के 100 से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। बालीवाल व कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश भर के प्रतिभागियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

**समापन कार्यकम में पुरस्कृत होंगे विजेता**

संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ कालेज, सर्वश्रेष्ठ स्कूल, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी व विद्यार्थी संवर्ग में सात स्वर्ण पदक भी दिए जाएंगे। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और विशिष्ट अतिथि प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना होंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही करेंगे।

# लखनऊ वासियों को पसंद आ रही द लुलु मॉल अवध गोल्फ लीग

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ का सुप्रसिद्ध शॉपिंग डेस्टिनेशन लुलु मॉल हर बार कुछ नया करके अपने ग्राहकों को आश्चर्यचकित कर देता है इसी क्रम में लुलु मॉल ने इस बार दिगराज गोल्फ इंक द्वारा आयोजित एवं हलवासिया ग्रुप% द्वारा संचालित द लुलु मॉल अवध गोल्फ लीग कार्यक्रम का आयोजन किया है जोकि 28 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक लखनऊ के द पाम्स गोल्फ क्लब एंड रिजॉर्ट में आयोजित किया जा रहा है। लुलु मॉल के सौजन्य से यह लीग अपने तीसरे संस्करण के साथ गोल्फ प्रेमियों को आकर्षित करेगा। लुलु मॉल अवध गोल्फ लीग का तीसरा संस्करण काफी खास है। इस लीग में राडिको खैतान जैसे नामचीन ब्रांड्स ने भी हिस्सा लिया है। यह सब मुमकिन हो पाया है लुलु मॉल के सहयोग से जिसके सौजन्य से यह लीग लखनऊ में अपना एक मुकाम हासिल कर रही है। इस रोमांचक टूर्नामेंट में 11 टीम हिस्सा लेगी, जिनमें से प्रत्येक में 12 खिलाड़ी सम्मिलित होंगे, जो एक सक्रीय मैच प्ले प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। लुलु मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने इस खास मौके पर कहा कि लुलु मॉल हमेशा से लखनऊवासियों के लिए कुछ नया करने की सोच में रहता है, इस बार हमने लखनऊ वासियों के लुलु मॉल अवध गोल्फ लीग के रूप में कुछ नया पेश करने की कोशिश की है। गोल्फ एक बहुत ही शानदार खेल है जिसे सभी प्रतिस्पर्धी पूरी लगन से खेलते हैं, आगे भी लुलु मॉल लखनऊ वासियों के लिए हर बार की तरह कुछ नया करने की कोशिश करता रहेगा।

# एक नज़र

## अयोध्या में रेलवे के अधिकारियो ने लिया जायजा

**संवाददाता।** अयोध्या। भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रेलवे भी तैयार है । बताया जाता है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी । क्योंकि आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ेगी । इस लिए श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखने के लिए रेलवे ने भी कमर कसी है । इस अवसर पर अयोध्या में लखनऊ मंडल के डीआरएम मनीष कात्याल पहुंचे । उन्होंने अयोध्या कैंट व अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया । उन्होंने स्टेशन के आसपास क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए जमीनी हकीकत जानीं । उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाई जाए । उन्होंने बताया कि समय रहते ही ट्रैक के दोहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा ।

## तीन राज्यों में भाजपा के प्रचंड बहुमत से जीत के जश्न में डूबी अयोध्या में भाजपा

**अयोध्या।** देश के तीन राज्यों राजस्थान छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से मिली जीत पर अयोध्या धाम के भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जश्न का माहौल रहा और महापौर गिरीश पति त्रिपाठी और भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव बबलू मिश्रा कार्यालय मंत्री के नेतृत्व में मिठाइयां बांटी गई पटाखे लगाकर जश्न मनाया गया । इस अवसर पर भाजपा अयोध्या धाम के मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस जीत का असली हकदार मानते हुए कहा कि उनकी नीतियों और कार्य कुशलता से भाजपा को मिली सफलता से देश की जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति काफी बढा है। जिला अध्यक्ष संजीव सिंह महानगर कमलेश श्रीवास्तव ने भी इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य कुशलता और नेतृत्व की क्षमता का परिणाम बताया है । इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने पूरे जिले में मिठाइयां बताकर खुशी मनायी।

## कोहरे के चलते लखनऊ आने-जाने वाली फ्लाइटें प्रभावित, घंटों बैठना पड़ रहा एयरपोर्ट पर

**लखनऊ।** दिल्ली से लखनऊ का हवाई सफर एक घंटे का है। हालांकि, कोहरे के कारण एयर एशिया के यात्रियों ने रविवार को इसे पांच घंटे में पूरा किया। इसमें से चार घंटे उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट पर इंतजार करना पड़ा। डेढ़ दर्जन फ्लाइटों के साथ ट्रेनें भी घंटों लेट हुईं। दिल्ली से एयर एशिया की शाम 5.42 बजे की फ्लाइट चार घंटे देरी से रवाना हो सकी। इंडिगो की शाम 6.50 बजे की उड़ान एक घंटे 20 मिनट, इंडिगो की 5.49 बजे की फ्लाइट 50 मिनट, इंडिगो की दोपहर 1.54 बजे की उड़ान एक घंटे, इंडिगो की सुबह 8.54 बजे का विमान 59 मिनट लेट रहा। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की रात सवा आठ बजे की फ्लाइट एक घंटे, इंडिगो की दोपहर 3.37 बजे की उड़ान एक घंटा 20 मिनट, इंडिगो की सुबह 11.31 बजे की फ्लाइट आधे घंटे व सुबह 6.54 बजे की फ्लाइट 49 मिनट देरी से रवाना हुई। मुंबई की इंडिगो की बीती रात 11.52 बजे की फ्लाइट एक घंटे 40 मिनट व बंगलुरु की इंडिगो की सुबह 9.45 बजे की फ्लाइट आधे घंटे लेट रही। हैदराबाद की इंडिगो की बीती रात 10.34 बजे की उड़ान 40 मिनट, जयपुर की इंडिगो की रात सवा आठ बजे की उड़ान एक घंटे पांच मिनट लेट रही। जयपुर से वाया आगरा लखनऊ आने वाली दोपहर एक बजे की उड़ान 45 मिनट देरी से पहुंची। लखनऊ से वाया दिल्ली जम्मू जाने वाली इंडिगो की दोपहर 3.36 बजे की फ्लाइट एक घंटे दो मिनट लेट रही। जम्मू से लखनऊ वाया दिल्ली आने वाली इंडिगो की शाम 6.50 बजे की फ्लाइट डेढ़ घंटे देरी से पहुंची।

**18 घंटे लेट आई उपासना एक्सप्रेस**

कोहरे के चलते 12327 उपासना एक्सप्रेस 18 घंटे देरी से लखनऊ पहुंची। 13258 दानापुर जनसाधारण एक्स. सवा 13 घंटे, 19601 न्यूजलपाईगुड़ी-उदयपुर वीकली एक्स. सवा चार घंटे, 13257 आनंदविहार जनसाधारण एक्स. साढ़े तीन घंटे, 12369 कुंभ एक्स. 13 घंटे, 12328 उपासना एक्स. साढ़े 13 घंटे, 04005 जयनगर-दिल्ली स्पेशल 17 घंटे व 01432 गोरखपु- पुणे फेस्टिवल स्पेशल 12 घंटे लेट आई।

## न पीडीए का फॉर्मूला काम आया और न डिंपल-अखिलेश का प्रचार, एमपी के चुनावी संग्राम में सपा का बंटाधार

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश में न पीडीए का फार्मूला काम आया और न सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का प्रचार। जिस सपा प्रत्याशी मिर्ची बाबा को अखिलेश यादव ने एक्स के जरिये शुभकामनाएं दी थीं, उसे महज 136 वोट मिले। राज्य में सपा जहां चारो खाने चित्त हो गई, वहीं इंडिया गठबंधन को भी अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। क्योंकि, उसके रणनीतिकार जिस जातीय जनगणना के मुद्दे को सबसे कारगर मान रहे थे, मध्य प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी यह कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सका। सपा ने मध्य प्रदेश में 74 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। बुधनी विधानसभा सीट पर वैराग्यानंद जी महाराज उर्फ मिर्ची बाबा उसके सबसे चर्चित प्रत्याशी थे। अखिलेश यादव ने 23 अक्तूबर को उनके साथ अपना एक फोटो एक्स के जरिये शेयर करते हुए उन्हें चुनाव लड़ने के लिए शुभकामनाएं दी थीं, लेकिन मिर्ची बाबा फ्लॉप कैंडीडेट साबित हुए। अलबत्ता निवाड़ी सीट पर मीरा दीपक यादव जरूर 32670 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहीं। ज्यादातर प्रत्याशियों का प्रदर्शन कोई खास नहीं रहा। मध्य प्रदेश के चुनाव में अखिलेश यादव ने 10 दिन से ज्यादा वहां रहकर चुनाव प्रचार किया था और डिंपल यादव ने भी कई सभाएं की थी, लेकिन ईवीएम खुली तो सपा के खाते में महज 0.46 प्रतिशत मत ही आए।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में इंडियन आइडियल फेम ऋषि सिंह को मिला आमंत्रण



संवाददाता

**अयोध्या।** भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में इंडियन आइडल फेम ऋषि सिंह को आमंत्रण पत्र मिला । यह आमंत्रण श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दिया है । बताया जाता है कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला के दरबार में भजन प्रस्तुत करने का आमंत्रण ऋषि सिंह को मिला है । ऋषि सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य मेहमानों के सामने राम लला के दरबार में भजन की प्रस्तुति देंगे । इस अवसर पर ऋषि सिंह ने कहा कि राम लला के दरबार में प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के सामने भजन की प्रस्तुति देना हमारे लिए गौरव की बात है । इस अवसर पर सर्किट हाउस में नृपेंद्र मिश्र के पुत्र एमएलसी सकेत मिश्रा व अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अंग वस्त्र भेंट कर ऋषि सिंह को किया सम्मानित किया ।

# अयोध्या में आयोजित क्रिकेट मैच में वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति सिंह का हुआ स्वागत

संवाददाता



**अयोध्या।** डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम मकबरा में चल रहे स्व0 राकेश चन्द्र कपूर (पल्लू भइया) मेमोरियल अयोध्या प्रीमियर लीग-9 के तीसरे दिन आज दो मैच खेले गये। आज के मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति सिंह का स्वागत आयोजन सचिव सुप्रीत कपूर व निदेशक सैय्यद सुबहानी ने माला पहनाकर, अंगवस्त्र भेटकर व स्मृति चिन्ह भेट कर किया। और विशिष्ट अतिथि के रूप में आये गिरीश पाण्डेय डिपुल का स्वागत देवेन्द्र मिश्रा दीपु व दीपेन्द्र श्रीवास्तव ने माला पहनाकर, अंगवस्त्र भेटकर व स्मृति चिन्ह भेट कर किया। आज के दिन का पहला मैच बेसिक इलेबन और साउथन सुपर स्टार कानपुर के बीच खेला गया। साउथन सुपरस्टार की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 16 ओवर में ही 92 रन पर ऑल आउट हो गई सुपरस्टार के बल्लेबाज कुन्दन ने 2 चौके की मदद से 20 रन व हर्ष ने 1 चौके की मदद से 16 रन बनाया। बेसिक इलेबन के गेदबाज आसु ने 3 विकट व पियुष, के0पी0, अंकित, सौरभ ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेसिक इलेबन की टीम ने 7 ओवर 3 गेंद में 7 विकेट शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। बेसिक इलेबन के बल्लेबाज पीयुष ने 4 चौके 1 छक्के की मदद से 38 रन बनाया व प्रदुम ने 5 चौके की मदद से 23 रन बनाये वहीं साउथन सुपरस्टार के गेंदबाज कुंदन व भुवन ने 1-1 विकेट हासिल की। दिन का दुसरा मैच एकता राइडर्स और कानपुर लायन के बीच खेला गया कानपुर लायेन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में 97 रन ही बना पायी! कानपुर लायेन के बल्लेबाज ताबिस ने 2 चौके और 2 छक्के की मदद से 54 रन बनाये वहीं एकता राइडर्स के गेंदबाज नबी ने 3 विकेट, संदीप और रजनीश ने 2-2 विकेट हासिल की लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकता राइडर्स की टीम 16 ओवर में 3 विकट शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया एकता राइडर्स के बल्लेबाज सुमित ने 4 चौके 1 छक्के की मदद से 41 रन बनाये और अभय ने 3 चौके की मदद से 26 रन तथा रीतेश ने 2 चौके और 2 छक्के की मदद से 26 रन बनाये वहीं कानपुर लायन के गेंदबाज बिकास, नाबेद, ताबिश, ने 1-1 विकट हासिल की। मीडिया प्रभारी मनोज तिवारी ने बताया की इस मौके पर , पंकज तिवारी,, उमाशंकर जायसवाल, योगेश्वर सिंह, मुजम्मिल फिदा अखिलेश पाठक, मो0 हमजा, मो0 बिलाल, सुमित सिंह, रहमानी खान, राजू जायसवाल आदि लोग मौजूद रहें ।

# गरीब मजदूरों की सेवा करने का जज्बा रखें : आशीष सिंह

**❖ बनीकोडर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत भानपुर कनवा ताल पूरे गिरधर एवं सवाई गांव के करीब 500 परिवारों को इस ठंड से बचने के लिए कंबलों का वितरण किया।**

संवाददाता



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** समाज में रह रहे गरीबों एवं मजदूरो की सेवा किसी पद की मोहताज नहीं होती, पद हो या ना हो लेकिन यदि सेवा करने का जज्बा है तो बिना किसी पद के भी ऐसे लोगों की मदद की जा सकती है।

इन शब्दों को चरितार्थ कर रहे हैं प्रमुख समाजसेवी एवं समाज सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सिसोदिया जो बगैर किसी स्वार्थ के अपने संसाधनों का सदुपयोग इन गरीबों के बीच कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में रविवार को सिसोदिया ने बनीकोडर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत भानपुर कनवा ताल पूरे गिरधर एवं सवाई गांव के करीब 500 परिवारों को इस ठंड से बचने के लिए कंबलों का वितरण किया। सुबह 9 बजे शुरू हुआ कंबल वितरण अभियान देर शाम तक चलता रहा। सिसोदिया ने इन चारों गांव में प्रत्येक घरों पर जाकर अपने हाथों से लोगों को कंबल प्रदान किया, उनके इस अभियान से गरीबों के चेहरों पर जहां मुस्कान दिखने लगी वही राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में अफरा तफरी मच गई है। समाज सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिंह सिसोदिया बनिकोडर क्षेत्र के भानपुर क्षेत्र पंचायत से पिछले चुनाव में निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य चुनी गई थी। यह सिसोदिया के व्यवहार का परिणाम रहा कि उनके समक्ष गांव के किसी भी व्यक्ति ने नामांकन नहीं किया था। अपने प्रति इस व्यवहार को निभाने के लिए सिसोदिया ने क्षेत्र के लोगों के साथ अपना गहरा संबंध बना लिया है हर दीपावली एवं विशेष अवसरों पर घर-घर में मिष्ठान्न वितरण एवं जाड़े में कंबल का वितरण उनका स्वभाव बन गया है। इस संबंध में वितरण के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए। सिसोदिया ने कहा कि हम ईश्वर द्वारा दिए गए संसाधनों का उपयोग समाज के गरीब एवं निर्धन व्यक्तियों की सेवा के लिए कर रहे हैं और यह कार्य अनवरत जारी रहेगा। कंबल वितरण के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमेश कुमार सीमा सिंह अभिनव सिंह सिसोदिया लालता प्रसाद सरयू प्रसाद आलोक पांडे शिवपूजन शुक्ला प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह पत्रकार संघ के तहसील अध्यक्ष दिवाकर बाबा सहित आचार्य मिथिलेश वर्मा अवधेश मिश्रा राकेश कुमार सिंह मुन्ना देवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# बिजली चोरी के आरोपियों ने लाइनमैन से की मारपीट

**चौरीचौरा।** क्षेत्र के भाऊपुर गांव में रविवार शाम को बिजली चोरी के आरोपी के वहां एक मुश्त समाधान योजना के तहत बकाए की वसूली करने गए दो लाइनमैन के साथ मारपीट की गई। एसडीओ योगेश यादव के नेतृत्व में लाइनमैन चंद्रभान ने तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज करने की मांग की है। उपकेंद्र चौरीचौरा के वेस्ट फीडर पर तैनात संविदा लाइनमैन चंद्रभान व मोहनलाल ने बताया कि भाऊपुर निवासी बाबूराम मौर्य पर बिजली चोरी के प्रकरण में 5,34,666 रुपये व उसका शमन शुल्क 40,000 रुपये, महंथ पर 5,43,298 रुपये व उसका शमन शुल्क 40,000 रुपया वसूली के करने लिए गए थे। लाइनमैन ने आरोप लगाते हुए कहा कि बकाया मांगने पर इनके परिजन भड़क उठे और मारपीट भी किए।

# अधिवक्ता दिवस के रूप में मना डाक्टर राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिवस




**❖ वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी सिंह को किया गया सम्मानित।**

संवाददाता

**सोनभद्र।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद जी की जयंती अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाई गई। वक्ताओं ने इनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्ग का अनुशरण करने की प्रतिबद्धता दोहराई।सोनभद्र बार एसो. सोनभद्र सभागार में न्यायिक अधिकारीगण एडीजे एवी सिंह , सीजेएम एपी सिंह के साथ एसबीए अध्यक्ष एनके पाठक ने अधिवक्ताओं के साथ डा. राजेंद्र प्रसाद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एड. की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वरिष्ठ अधिवक्ता रामप्यारे सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं द्वारा डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन शैली पर प्रकाश डाला गया। उक्त आयोजन में अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार पांडेय, चंद्र प्रकाश द्विवेदी, अरुण प्रताप सिंह, ओपी राय,अरुण मिश्रा, राजीव गौतम, अखिलेश पांडेय, राजेश शरण मिश्र,विजय प्रकाश पांडेय, अविनाश तिवारी, जय शंकर तिवारी, मनोज मिश्रा, रामचंद्र मिश्रा, अरुण सिंघल, रितेश मिश्रा, धर्मेन्द्र तिवारी, आशुतोष पाठक, गीता गौर आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न




संवाददाता

**निंदूरा बाराबंकी।** गायत्री मंत्रों के बीच मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम रविवार को सम्पन्न कराया गया।इस दौरान 98 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थाम कर वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया।अधिकारी और कर्मचारी बाराती बने।इस खुशी के मौके पर बराती बैंडबाजे की धुन पर थिरके। वहीं अधिकारी व जन प्रतिनिधियों ने उन्हें आर्शीवाद दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज में रविवार को शादी कार्यक्रम आयोजित किया गया। निंदूरा, फतेहपुर व सूरतगंज सहित तीनों विकास खंड के कुल 98 जोड़ों को विवाह हुआ। जिसमें तीन जोड़ों का निकाह व 95 जोड़ों ने अग्नि के सात फेरे लेने के बाद दांपत्य सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहे विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार व आशीर्वाद देकर सरकार द्वारा मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ देने का आश्वासन दिया।विधायक ने कहा कि पहले लोग बेटियों को बोझ समझते थे। अब सरकार बेटियों की शिक्षा व विवाह की जिम्मेदारी ले ली है।कहा कि सामूहिक विवाह के आयोजनों से फिजूलखर्ची पर अंकुश लगता है।गरीब मां-बाप को भी दहेज आदि की चिंता नहीं करनी पड़ती है।इस मौके पर बीडीओ संतोष कुमार सिंह, समाज कल्याण अधिकारी, चौधरी फ़ैज़, श्रीश रावत, दीपक यादव, डा रामकुमार गिरी, विशाल सिंह, प्रदीप रावत, मंडल अध्यक्ष विनय मौर्य, जिला महामंत्री शील रत्न मिहिर आदि लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में देश के विकास की सामूहिक शपथ ली

संवाददाता



**खजनी गोरखपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के अहिरौली और टिकरियांनाथ सिंह गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के तहत जिसमें एडीओ कृषि रक्षा सतीश कुमार मौर्या ने सरकार के द्वारा आम जनता और गरीबों के हित में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत सभी से राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए तथा देश को सुखी खुशहाल और संपन्न बनाने के लिए अपना अमूल्य योगदान देने के लिए सामूहिक शपथ ली गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग के एटीएम रणधीर राय ने पीएम किसान सम्मान निधि तथा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग के टीएसी अर्जुन के द्वारा उपस्थित किसानों को लगातार खेती से लाभ पाने के लिए व्यावसायिक तथा मोटे अनाज की खेती करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामपंचायत सचिव चैतन्य त्रिपाठी ने गांव के निवासी आवास,शौचालय,वृद्धा पेंशन के लाभार्थियों की जानकारी दी।

स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ नविता और रविना द्वारा कैंप लगाकर आयुष्मान हेल्थ कार्ड से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी गई। इफको के द्वारा ड्रोन से नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का छिड़काव करते हुए प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों बिजली,राम ललित,टिकोरी गौण,रणविजय को तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों गोपी,दीपी देवी और आयुष्मान गोल्डन हेल्थ कार्ड के लाभार्थियों शुभावती,गौतम,अर्जुन, सुनील कुमार आदि दर्जनों लाभार्थियों को प्रमाणपत्र दिए। इस दौरान ग्रामप्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# अधूरी सुरंगों से चार गांवों में धंस रही जमीन, मकानों में पड़ रहीं दरारे... हर पल दरकने का खतरा

संवाददाता



**सिलक्यारा(उत्तरकाशी)।** सुरंगे लोहारी नाग पाला जल विद्युत परियोजना के लिए बनाई जा रही थी। जो कि वर्ष 2010 में पर्यावरण बनाम विकास के मुद्दे पर 60 प्रतिशत तक काम पूरा होने के बाद बंद कर दी गई। भटवाड़ी ब्लाक में आधी-अधूरी तीन से चार यह सुरंगे तिहार, कुज्जन, भंगेली व सुनगर गांवों के नीचे से गुजरती हैं। तीन दिन पहले सिलक्यारा सुरंग हादसे से उबरे उत्तरकाशी जनपद में आधा-अधूरी बनीं सुरंगें चार गांवों के लिए खतरा बनी हुई हैं। जमीन के नीचे से गुजरने वाली इन सुरंगों के कारण गांवों में जमीन धंस रही हैं। जिसके चलते नए व पुराने हर मकान पर दरारें पड़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार जिला प्रशासन से भूगर्भीय सर्वे कराने की मांग की, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दरअसल यह सुरंगे लोहारी नाग पाला जल विद्युत परियोजना के लिए बनाई जा रही थी। जो कि वर्ष 2010 में पर्यावरण बनाम विकास के मुद्दे पर 60 प्रतिशत तक काम पूरा होने के बाद बंद कर दी गई। भटवाड़ी ब्लाक में आधी-अधूरी तीन से चार यह सुरंगे तिहार, कुज्जन, भंगेली व सुनगर गांवों के नीचे से गुजरती हैं। भंगेली गांव के प्रधान प्रवीन प्रज्ञान का कहना है कि इन सुरंगों के कारण उनके गांवों में नए व पुराने हर मकान में दरारें पड़ रही हैं। जिनके हर पल दरकने का खतरा बना रहता है। बताया कि सुरंग निर्माण के दौरान जब ब्लास्ट किए जाते थे तो उनका पूरा गांव हिल जाता था। आज भी यह सुरंगे उनके लिए खतरे का सबब बनी हुई हैं। बताया कि वह कमरे में टाइलें भी लगाते हैं तो टाइलें भी फट जाती हैं।

**600 मेगावाट की थी परियोजना**

600 मेगावाट की लोहारीनाग पाला परियोजना का निर्माण एनटीपीसी ने वर्ष 2005 में शुरु हुआ था। लेकिन इसका निर्माण शुरु होने के साथ ही विवादों में आ गई थी। पर्यावरणविद् प्रो.जीडी अग्रवाल ने परियोजना निर्माण से पर्यावरण को खतरा बताते हुए इसका विरोध किया। जिसके चलते इसे वर्ष 2010 में बंद कर दिया गया। परियोजना के लिए आधी-अधूरी बनी सुरंगों को ऐसे ही छोड़ दिया गया। आधा-अधूरी बनीं सुरंगे बड़ा खतरा हो सकती हैं। भूकंप के दौरान ऐसी सुरंगें धंसने से जान-माल का नुकसान हो सकता है। इस तरह की सुरंगों का ट्रीटमेंट काया जाना चाहिए। -डॉ.सुशील कुमार, भूगर्भ वैज्ञानिक

**हादसे के बाद बॉबी और संतोष ने हारी हिम्मत बोले-अब नहीं लौटेंगे**

निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में काम करने वाले संतोष व बॉबी सिलक्यारा सुरंग हादसे के बाद हिम्मत हार चुके हैं। इस हादसे के बाद सुरंग में फंसे संतोष ने जहां 17 दिन तक जिंदगी के लिए जद्दोजेहद की। वहीं बॉबी ने सुरंग में फंसे अपने छोटे भाई संतोष को बचाने के लिए सुरंग के बाहर संघर्ष किया। अब दोनों भाइयों ने दोबारा सिलक्यारा वापस नहीं आने का फैसला किया है। उत्तरप्रदेश के मोतीपुर श्रावस्ती निवासी संतोष कुमार भी सुरंग के अंदर फंस गए थे। संतोष के बड़ा भाई बॉबी दिन की शिफ्ट में होने के चलते सुरंग से बाहर ही थे। संतोष का कहना है कि शुरुआत में उन्हें लगा कि वह यहां से कभी बाहर नहीं निकल पाएंगे। लेकिन जब उन्हें पाइपलाइन से खाना मिला तो उम्मीद बंधी कि उन्हें बचाने के प्रयास हो रहे हैं। दोनों ही भाई अब गांव लौट चुके हैं। बॉबी का कहना है कि वह दोनों अब कभी सिलक्यारा नहीं लौटेंगे। वह दोबारा उस सुरंग में नहीं जाएंगे। वह ऐसा काम चुनेंगे जहां जान का जोखिम नहीं होगा।

# सेल्फी लेने के लिए मंच पर चढ़ गई भीड़, लोगों से करते रहे अनुरोध... फिर कार्यक्रम छोड़ लौटे शमी

एजेंसी



**हरिद्वार।** दुनिया के दिग्गज गेंदबाज और विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मोहम्मद शमी रविवार को खानपुर विधायक उमेश कुमार के बुलावे पर ऋषिकुल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। मंच से लेकर मैदान में भारी अवस्थाओं के चलते मोहम्मद समी अपना संबोधन नहीं कर पाए। सूक्ष्म संबोधन में उन्होंने यूथ टैलेंट को मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए ऋषिकुल मैदान में आयोजित कार्यक्रम व्यवस्थाओं की भेट चढ़ गया। उत्साहित युवाओं ने मोहम्मद शमी से न सवाल पूछे ना उन्हें बोलने दिया। यहां मंच पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोग सेल्फी लेने के लिए एक दूसरे पर चढ़ गए। शमी के बार-बार अनुरोध करने के बाद भी लोगों ने कार्यक्रम शुरू करने की व्यवस्था नहीं बनाई जिससे वह सूक्ष्म बोलकर वापस लौट गए। अपने छोटे से संबोधन में शमी ने कहा मेहनत करने से ही बेहतर परिणाम सामने आएगा। कहा कि यूथ टैलेंट को गेम्स और अपने प्रति लॉयल होना पड़ेगा। कहा कि हर एक व्यक्ति में अलग-अलग प्रतिभाएं और क्षमताएं होती है। अपने हुनर को पहचान उसे तराशने की जरूरत है।

**खिलाड़ियों को दिए टिप्स**

एक प्रशंसक के सवाल के जवाब में मोहम्मद शमी ने कहा कि जब वह क्रिकेट और गेंदबाजी सीख रहे थे तो उन्होंने वसीम अकरम, दक्षिण अफ्रीका के डेलस्टेन और इंग्लैंड के एंडरसन की बोलिंग से बहुत कुछ सीखा। तेज गेंदबाज बनने में इससे काफी प्रेरणा मिली। एक अन्य प्रशंसक के सवाल के जवाब में मोहम्मद शमी ने फास्ट बॉलर बनने के लिए खुद को मजबूत बनाने की नसीहत दी। साथ ही फिटनेस, स्किल ,रिकवरी, भोजन और अच्छी नींद आदि पर भी ध्यान देने को कहा।

**कप्तान को लेकर कही ये बात**

एक क्रिकेट प्रेमी के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के कैच आउट को लेकर इंटरनेट मीडिया पर जो बातें चल रही है उस पर वह ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते लेकिन उन्होंने कहा कि इस तरह की जानकारी फेक भी होती है।

## एक नज़र

### ताजा बर्फबारी के बाद क्रिसमस, न्यू ईयर के लिए बुकिंग शुरू, पर्यटन पकड़ेगा रफ्तार



**शिमला।** अटल टनल रोहतांग, मनाली, लाहौल-स्पीति में हुई बर्फबारी के बाद सैलानी हिमाचल के पर्यटन स्थलों का रुख करने वाले हैं। प्रदेश में हुई ताजा बर्फबारी से पर्यटन उद्योग को संजीवनी मिली है। बर्फबारी के बाद सैलानियों ने प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर फोन करके इंक्वायरी करनी शुरू कर दी है। क्रिसमस और न्यू ईयर के लिए होटलों में कमरों की बुकिंग भी शुरू हो गई है। शिमला, कुल्लू-मनाली, डलहौजी और किन्नौर के लिए अधिक इंक्वायरी हो रही है। पर्यटन व्यवसायियों को बर्फबारी के बाद कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है। अटल टनल रोहतांग, मनाली, लाहौल-स्पीति में हुई बर्फबारी के बाद सैलानी हिमाचल के पर्यटन स्थलों का रुख करने वाले हैं। 15 दिसंबर से शुरू होने वाले विंटर टूरिस्ट सीजन के लिए पिछले दिनों तक इंक्वायरी और बुकिंग न आने से पर्यटन कारोबारी निराश थे, लेकिन बर्फबारी के बाद हिमाचल के पर्यटन स्थलों के प्रति सैलानियों का रुझान बढ़ा है। ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनु सूद का कहना है कि बर्फ सैलानियों को आकर्षित करती है। ताजा बर्फबारी के बाद विंटर सीजन के लिए इंक्वायरी और एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। क्रिसमस पर अगर बर्फबारी होती है तो हिमाचल में टूरिस्ट सीजन बूम पर पहुंच जाएगा। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर का कहना है कि बर्फबारी के बाद सैलानी हिमाचल के प्रति आकर्षित हुए हैं। इस साल अच्छी बर्फबारी होने की उम्मीद है, जिससे विंटर टूरिस्ट सीजन भी शानदार रहने की उम्मीद है। सैलानियों को आकर्षित करने के लिए सरकारी स्तर पर भी प्रयास होने चाहिए।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिव्यांगजनों को किया सम्मानित



**जम्मू।** उपराज्यपाल ने कहा कि प्रदेश प्रशासन ने एमटीएस पद के लिए 100त्न दृश्य बाधिता को बेंचमार्क दिव्यांगता के रूप में मान्यता देने, सरकारी क्षेत्र में विभिन्न पदों के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की संख्या में वृद्धि करने के लिए कदम उठाए हैं। तीन दिसम्बर, विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जम्मू में कल्पना कला केंद्र द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपराज्यापल मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम में उपराज्यपाल ने जीवन में चुनौतियों पर काबू पाकर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित किया। साथ ही दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्थानों को भी सम्मानित किया उपराज्यपाल ने कहा कि प्रदेश प्रशासन ने एमटीएस पद के लिए 100त्न दृश्य बाधिता को बेंचमार्क दिव्यांगता के रूप में मान्यता देने, सरकारी क्षेत्र में विभिन्न पदों के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की संख्या में वृद्धि करने, संतृप्ति प्राप्त करने के लिए रेट्रोफिटेड स्कूटी के वितरण में 200त्न वृद्धि के लिए कदम उठाए हैं। एलजी ने कहा कि वह समाज के सभी वर्गों से आग्रह करते हैं कि वे दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में पूर्ण रूप से शामिल करने और सम्मान के साथ सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन के प्रयास में शामिल होएं।

### कीरू हाइड्रो पावर में भ्रष्टाचार... दिल्ली समेत चार शहरों में ष्टब्द्ध के छापे, सत्यपाल मलिक ने उठाई थी आवाज



जम्मू। परियोजना के लोक निर्माण कार्य के लिए 2,200 करोड़ रुपये का ठेका दिया गया था, जिसके खिलाफ राज्य के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने आवाज उठाई थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर की कीरू जल विद्युत परियोजना में रिश्वतखोरी के मामले में चार शहरों में छह ठिकानों पर छापे मारे। परियोजना के लोक निर्माण कार्य के लिए 2,200 करोड़ रुपये का ठेका दिया गया था, जिसके खिलाफ राज्य के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने आवाज उठाई थी। सत्यपाल मलिक ने दो परियोजनाओं को मंजूरी के एवज में 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की शिकायत की थी। मामले में दो निजी व्यक्ति कंवलजीत सिंह दुग्गल और डीपी सिंह जांच के घेरे में हैं। अधिकारियों ने बताया कि आईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लि. के कंवलजीत और डीपी के तीन ठिकानों के अलावा कंपनी के दिल्ली, शिमला, नोएडा व चंडीगढ़ स्थित ठिकानों पर छापे मारे गए। इस मामले में सीबीआई ने पिछले वर्ष 21 अप्रैल, 6 जुलाई और इस वर्ष 17 मई को भी तलाशी ली थी। मलिक ने आरोप लगाया था कि एक फाइल में आरएसएस के एक बड़े कार्यकर्ता की दिलचस्पी थी। सीबीआई जांच में कीरू परियोजना में घोटाले का पर्दाफाश हुआ। एजेंसी मलिक से बतौर गवाह पूछताछ कर चुकी है। इस मामले में चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट प्रा. लि. के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी, पूर्व अधिकारी एमएस बाबू, एमके मित्तल, अरुण कुमार मिश्रा और पटेल इंजीनियरिंग लि. के खिलाफ पहले ही केस दर्ज है।

**छापे में अहम कागजात मिले**

अधिकारी ने बताया कि छापे में कई अहम कागजात और कई लोगों की संलिप्तता के सुराग मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि परियोजना के अधिकारी और कुछ निजी कंपनियों की सांठगांठ से नियमों को ताक पर रखकर इसका टेंडर पटेल इंजीनियरिंग कंपनी को दिया गया। पटेल इंजीनियरिंग इस मामले में मुख्य आरोपी है।

# ट्रायल सफल, हिमाचल की नौणी विवि ने तैयार किए 20 हजार क्लोनल रूट स्टॉक

एजेंसी



**शिमला।** प्रदेश की नौणी विवि इस बार बागवानों को क्लोनल रूट स्टॉक पर तैयार किए सेब के पौधे भी उपलब्ध करवाएगा। विवि की ओर से किया गया ट्रायल सफल रहा है। हिमाचल प्रदेश की नौणी विवि इस बार बागवानों को क्लोनल रूट स्टॉक पर तैयार किए सेब के पौधे भी उपलब्ध करवाएगा। विवि की ओर से किया गया ट्रायल सफल रहा है। पिछले वर्ष विवि की ओर से दो हजार पौधों का वितरण किया गया था, जबकि इस बार 20 हजार पौधे 11 दिसंबर से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बागवानों को बिक्री किए जाएंगे। जबकि विवि की ओर कुल 2.72 लाख से अधिक विभिन्न फलदार पौधे प्रदान किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार नौणी विवि की ओर से क्लोनल रूट स्टॉक पर पिछले कई वर्षो से कार्य किया जा रहा था, जो सफल रहा है। विवि के विशेषज्ञों का दावा है कि यह पौधा करीब 12 फीट ऊंचा होगा और चौड़ाई तीन से चार फुट होगी। एक पौधा औसत 12 से 15 किलो फल देगा। इसके अलावा इस पौधे की आयु भी 25 से 30 वर्ष तक होगी। यह पौधा रोपाई के चार से पांच वर्ष बाद वातावरण और रखरखाव के अनुसार फल देना शुरू कर देगा। उधर, नौणी विवि के फल विज्ञान विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. डीपी शर्मा ने बताया कि बागवान अपने क्षेत्र की जलवायु के आधार पर पौधों की रोपाई कर सकते है। विशेषज्ञों की राय भी ले सकते है। क्लोनल रूट स्टॉक के पौधे नौणी विवि की विभिन्न शाखाओं पर उपलब्ध किए जा रहे हैं। इसके अलावा इस बिक्री के दौरान किसानों को सेब, कीवी, अनार, खुमानी, आड़ू, नेक्टरीन, चेरी, अखरोट, नाशपाती, प्लम आदि की विभिन्न किस्में उपलब्ध करवाई जाएंगी। सीडिलंग्स के साथ सेब के क्लोनल रूट स्टॉक के पौधे भी उपलब्ध हैं। यहां से भी ले सकेंगे पौधेलाहौल-स्पीति और पांगी के किसानों की सुविधा के लिए बजौरा में क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र में पौधों की बिक्री दो दिसंबर से शुरू हो चुकी है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थित विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) और अनुसंधान केंद्र भी 11 दिसंबर से पौधों की बिक्री करेंगे। इनमें कंडाघाट (सोलन), शरबो (किन्नौर), रोहड़ू (शिमला), चंबा, ताबो (लाहौल और स्पीति) के केवीके, नेरी महाविद्यालय और मशोबरा में क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र शामिल हैं।

**क्या होता है क्लोनल रूट स्टॉक**

सीडलिंग पर पौधा बीजों से तैयार होता है जबकि क्लोनल जड़ों से तैयार होता है।

### लालू-नीतीश की पार्टी को दोपहर बाद करिश्मे की उम्मीद, कांग्रेस बोली-बहुमत से सरकार बना रहे हम

**पटना।** चार राज्यों में चुनाव के रुझान को लेकर बिहार में सियासत शुरू हो चुकी है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद को दोपहर बाद करिश्मे की उम्मीद है। चार राज्यों में चुनाव में मतगणना जारी है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में मतगणना जारी है। अब तक के रुझानों में मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा ने बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है और तेलंगाना में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ जीतती दिख रही है। चार राज्यों में चुनाव के रुझान को लेकर बिहार में सियासत शुरू हो चुकी है। इंडी गठबंधन के अगुवा रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू दोपहर के रुझान आने के बाद जीत का दावा कर रही।

# बागवानों को सस्ती दरों पर सेब के 5 लाख पौधे देगी सरकार, विदेशों से नहीं होगा आयात

संवाददाता



**शिमला।** उद्यान विभाग की 35 नर्सरियों में सेब के करीब 10 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें से उच्च गुणवत्ता के 5 लाख पौधे बागवानों को आवंटित करने की योजना है। प्रदेश के बागवानों को सरकार उद्यान विभाग की नर्सरियों में तैयार सेब की उन्नत किस्मों के 5 लाख पौधे सस्ती दरों पर उपलब्ध करवाएगी। सरकार ने इस साल विदेशों से सेब के पौधे आयात न करने का फैसला लिया है। उद्यान विभाग की 35 नर्सरियों में सेब के करीब 10 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें से उच्च गुणवत्ता के 5 लाख पौधे बागवानों को आवंटित करने की योजना है। 20 दिसंबर से ब्लॉक स्तर पर उद्यान प्रसार केंद्रों पर यह पौधे उपलब्ध होंगे। उद्यान विभाग की 35 नर्सरियों से 3 लाख ग्राफ्टेड और 2 लाख क्लोनल रूट स्टॉक बागवानों को उपलब्ध करवाए जाएंगे। हिमाचल प्रदेश बागवानी विकास परियोजना के तहत संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली, फ्रांस और नीदरलैंड से आयातित रूट स्टॉक से पौधे तैयार किए गए हैं। नियमित निगरानी और परीक्षणों के बाद तैयार किए गए रोगमुक्त पौधे बागवानों को दिए जाएंगे। सेब के अतिरिक्त नाशपाती, आड़ू, नेक्टराइन, प्लम, चेरी, खुर्मानी, बादाम, अखरोट, हेज़लनट, अनार, कीवी, पीकनट, अंजीर, अंगूर के पौधे भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**सेब की यह किस्में और रूट स्टॉक होंगे उपलब्ध**

एम्ब्रोसिया, किंग रोट, रेड कैप वाल्टोड, जेरोमाइन, रेड वेलॉक्स, सुपर चीफ, शलेक्ट स्पर, चेलन स्पर, स्कार्लेट स्पर-11, ओरेगॉन स्पर-11, अर्ली रेड वन, रॉयल रेड हनी क्रिस्प, रॉयल डिलीशियस, डार्क बैरन गाला, रेडलम गाला, गेल गाला, बेगेंट गाला, बक आई गाला, ब्रुक फील्ड गाला, गालावल, गालगगगगा श्निगा श्निको, गाला सिमंस, गेल गाला मलागा, गाला वीनस फेंगल, गाला अल्टिमा, औविल अर्ली फूजी, एज्टेक फूजी, रेड फूजी, सन फूजी, पिंक लेडी, सेप्टन वंडर, गिब्सन गोल्डन, गोल्डन डेल, जिंजर गोल्ड, ग्रैनी स्मिथ, रेड कैमियो, अन्ना, मंचूरियन क्रैब्स के अलावा क्लोनल रूट स्टॉक- बड-9, बड-10, बड-118, ईएमएलए-7, ईएमएलए-9, ईएमएलए-26, ईएमएलए-27, ईएमएलए-106, ईएमएलए- 111, एम-7, एम-9, एम9टी 337, एम116, एम-793, एमएम-106, एमएम-111, पजाम-2, मार्क। इस साल सरकार विदेशों से सेब के पौधे आयात नहीं करेगी। बागवानों को विभाग की नर्सरियों में तैयार किए गए उन्नत किस्म के 5 लाख पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। विदेशों से सिर्फ गुठलीदार फलों के पौधे ही आयात

# कुमाऊं विश्वविद्यालय का कारनामा, बिना बीए पास किए छात्रा को करा दिया एमए, मामले का हुआ खुलासा

संवाददाता



**अल्मोड़ा।** कुमाऊं विश्वविद्यालय की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एक छात्रा को वर्ष 2019 में पांचवें सेमेस्टर में उत्तीर्ण दिखाए जाने के बाद इसी साल उसे स्नातकोत्तर में दाखिला दे दिया गया। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कारनामे भी अजीबोगरीब हैं। बिना बीए पास किए छात्रा को एमए करा दिया गया है। छात्रा के उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग में मामले की शिकायत पर आयोग ने प्रकरण की जांच कराई तो विश्वविद्यालय की लापरवाही सामने आई है। आयोग ने विवि के कुलपति को छात्रा की बैक परीक्षाएं कराते हुए समस्या का निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। अल्मोड़ा निवासी छात्रा सना परवीन के मुताबिक उसने वर्ष 2016 में कुमाऊं विश्वविद्यालय के सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा में बीए प्रथम सेमेस्टर में दाखिला लिया था। अंग्रेजी प्रथम सेमेस्टर और दूसरे सेमेस्टर में मनोविज्ञान विषय में उसकी बैक आई थी। वर्ष 2019 में पांचवें सेमेस्टर में उसे उत्तीर्ण दिखाए जाने के बाद इसी साल उसे स्नातकोत्तर में दाखिला दे दिया गया। बीए किए बिना एमए कर चुकी छात्रा की उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग में शिकायत पर आयोग ने श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी के कुलसचिव की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की। समिति ने आयोग को सौंपी रिपोर्ट में कहा है कि छात्रा की पहले और दूसरे सेमेस्टर में एक-एक विषय में बैक है।

**अंक तालिका तीन साल बाद जारी**

कुमाऊं विश्वविद्यालय की नियमावली 2016 के अनुसार छात्रा का हर विषय में पास होना अनिवार्य था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विश्वविद्यालय ने वर्ष 2016 की परीक्षा की अंक तालिका वर्ष 2019 में जारी की है। जिसमें सीओपी लिखा था। अंक तालिका तीन साल बाद जारी किया जाना गंभीर विषय है। छात्रा को दूसरे साल की अंकतालिका 2018 में जारी की गई है। जिसमें उसे पास दर्शाया गया है। जांच रिपोर्ट के मुताबिक यह भी गंभीर विषय है कि तीसरे सेमेस्टर की अंकतालिका 2018 में एवं प्रथम सेमेस्टर की अंक तालिका वर्ष 2019 में जारी की गई है। छात्रा ने 2019 में एमए में दाखिला लिया और वर्ष 2021 में वह एमए कर चुकी है। इसकी उसे अंकतालिका जारी कर दी गई है। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि मामले में विश्वविद्यालय स्तर पर नियमों का पालन नहीं हुआ। अंकतालिका देरी से जारी की गई। इससे छात्रा में भ्रम की स्थित पैदा होना स्वभाविक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि छात्रा सना के प्रकरण को विश्वविद्यालय स्तर पर तथ्यों की भूल मानते हुए छात्रा हित में विश्वविद्यालय अपने स्तर से न्यायोचित निर्णय ले।

**जांच समिति में शामिल सदस्य**

श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय टिहरी के कुलसचिव खेमराज भट्ट की अध्यक्षता में गठित जांच समिति में एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के विधि विभाग के प्रोफेसर अरशद हुसैन, गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रो.राकेश कुमार, कुमाऊं विवि नैनीताल के डॉ.संजीव कुमार ने प्रकरण की जांच की। छात्रा के प्रकरण को देखा जा रहा है, इस संबंध में आयोग का जो आदेश होगा उसका पालन किया जाएगा। -दिनेश चंद्रा, कुलसचिव कुमाऊं विश्वविद्यालय यह छात्रा के उत्पीड़न से संबंधित मामला है, उसे न्याय मिले इस संबंध में विश्वविद्यालय को निर्देश दिया गया है। यदि संबंधित मामले का जल्द निपटारा न हुआ तो विवि के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। -मजहर नईम नवाब, उपाध्यक्ष उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग

**जांच रिपोर्ट में हुआ प्रकरण का खुलासा**

उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग ने जांच के लिए श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव की अध्यक्षता में समिति गठित की थी। चार सदस्यीय समिति की जांच में विश्वविद्यालय की गलती सामने आई। आयोग ने कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल को दिए छात्रा की बैक परीक्षाएं कराए जाने के आदेश। जानकारों के अनुसार एमए करने के बाद छात्रा की बीए की बैक परीक्षाएं कराई गई तो दोनों डिग्री अवैध मानी जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चमके रवि बिश्नोई

## टी20 विश्व कप के लिए दावा मजबूत, चहल-अक्षर को दे रहे टक्कर

एजेंसी




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में रवि बिश्नोई ने शानदार प्रदर्शन किया और वह प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। दाएं हाथ के इस लेग स्पिनर ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए और आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत किया। विश्व कप में भारतीय टीम भले ही अंतिम बाधा पार नहीं कर सकी, लेकिन उसने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। लगातार 10 मैच जीतकर भारतीय टीम ने दबदबे को साबित किया। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार के बाद अब टीम इंडिया की नजर अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप पर है। उसके लिए तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। राहुल द्रविड़ और उनकी कोचिंग टीम का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में खेलते दिख सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ युवा खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करने के बाद अपना दावा भी मजबूत किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में रवि बिश्नोई ने शानदार प्रदर्शन किया और वह प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। दाएं हाथ के इस लेग स्पिनर ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए और आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत किया। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भी चुना गया है। वहां तीन टी20 मैच खेले जाने हैं। उसके बाद भारत को जनवरी में घरेलू मैदान पर तीन टी20 अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने हैं। फिर सीधे टीम इंडिया टी20 विश्व कप में उतरेगी। हालांकि, खिलाड़ियों को आईपीएल में तैयारी करने और खुद को साबित करने का मौका मिलेगा।

### कुलदीप और जडेजा की जगह पक्की

टीम में कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा की जगह मौजूदा प्रदर्शनों को देखते हुए तय मानी जा रही है। अब तीसरे स्पिनर के लिए किसी एक चयन होगा। हालिया प्रदर्शनों को देखें तो रवि बिश्नोई अन्य खिलाड़ियों से आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। उन्हें अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल से कड़ी टक्कर मिल रही है।

### बिश्नोई को चहल पर तरजीह मिलनी तय

रवि बिश्नोई का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए चुना जाना टीम प्रबंधन की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। भारत को विश्व कप से पहले छह टी20 खेलने हैं और समझा जाता है कि 23 साल के रवि बिश्नोई को युजवेंद्र चहल पर तरजीह मिलनी तय है। चहल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्हें वनडे सीरीज के लिए चुना गया है। चहल ने इस साल नौ टी20 मैचों में नौ विकेट लिए हैं। वहीं, बिश्नोई ने 11 मैचों में 18 विकेट चटकाए हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने की बिश्नोई की तारीफ

रवि बिश्नोई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तनम में खेले गए पहले मुकाबले में चार ओवर में 54 रन दिए थे। इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और कसी हुई गेंदबाजी की। आस्ट्रेलियाई कप्तान मैथ्यू वेड ने भी यह स्वीकार किया उनकी गेंदों को खेलना आसान नहीं है। वेड ने कहा, उनके स्पिनरों ने अच्छा प्रदर्शन किया। बिश्नोई ने खास तौर पर चारों मैचों में शानदार गेंदबाजी की। उन्हें खेलना आसान नहीं था ।''

### मुरलीधरन भी बिश्नोई के फैन

श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने कहा, %%बिश्नोई दूसरे लेग स्पिनर से अलग है। वह तेज गेंद डालते हैं और गेंद को स्लाइड कराते हैं। मददगार विकेटों पर उन्हें खेलना काफी कठिन है।

### बिश्नोई के नाम टी20 में 34 विकेट

रवि बिश्नोई भारत के लिए 21 टी20 मैच खेल चुके हैं और उन्होंने अब तक 34 विकेट लिए हैं। 52 आईपीएल मैचों में उन्होंने 53 विकेट चटकाए हैं। दूसरी ओर, चहल ने 80 टी20 मैच खेले हैं और 96 विकेट चटकाए हैं। 145 आईपीएल मैचों में उन्होंने 187 विकेट लिए हैं।

# धोनी के फैन हैं वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप

## इंग्लैंड को हराने के बाद होप ने किया खुलासा

एजेंसी






**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप ने शानदार शतक लगाया। होप ने 83 गेंद पर नाबाद 109 रन बनाए। उन्होंने अपने वनडे करियर का 16वां शतक लगाया। इस जीत के बाद होप ने भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को लेकर बड़ा खुलासा किया।

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में शानदार शुरुआत की। उसने एंटीगुआ में खेले गए पहले मुकाबले में चार विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही विंडीज ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप ने शानदार शतक लगाया। होप ने 83 गेंद पर नाबाद 109 रन बनाए। उन्होंने अपने वनडे करियर का 16वां शतक लगाया। इस जीत के बाद होप ने भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को लेकर बड़ा खुलासा किया।

होप ने खुलासा किया कि लक्ष्य का पीछा करने में माहिर महेंद्र सिंह धोनी की आखिर तक हार न मानने की सलाह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे उनकी टीम रोमांचक जीत दर्ज करने में सफल रही। पूर्व भारतीय कप्तान धोनी को शांतचित्त होकर अपने काम को अंजाम तक पहुंचाने और अपने मैच विजेता कौशल के लिए जाना जाता है।

### धोनी ने होप से क्या कहा था?

वेस्टइंडीज ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट 213 रन पर गंवा दिए थे। ऐसे में होप ने धोनी से हुई बातचीत को याद किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। होप ने नाबाद 109 रन की पारी खेलने के बाद कहा, %%बेहद चर्चित व्यक्ति महेंद्र सिंह धोनी से मेरी बात हुई थी और उन्होंने कहा था कि आप जितना सोचते हो उससे अधिक समय आपके पास होता है।

### दिमाग में घूमती है धोनी की बात- शाई होप

धोनी की तरह विकेटकीपर बल्लेबाज होप ने कहा, इतने वर्षों में जब से मैं वनडे क्रिकेट खेल रहा हूं उनकी यह बात मेरे दिमाग में हमेशा घूमती रहती है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला छह दिसंबर को खेला जाएगा। इंग्लैंड को इस मैच में हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। अगर उसे हार मिलती है तो वेस्टइंडीज सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर लेगा।

# सूर्यकुमार ने जारी रखी धोनी की प्रथा

## सीरीज जीतने के बाद रिंकू-जितेश को सौंपी ट्रॉफी

एजेंसी








**बंगलूरू।** ट्रॉफी लेने के बाद सूर्या सीधे रिंकू सिंह और जितेश शर्मा के पास पहुंचे जो चैंपियन प्लेकार्ड के ठीक पीछे और सभी खिलाड़ियों के बीच में खड़े थे। रिंकू और जितेश ने साथ मिलकर ट्रॉफी उठाई।

भारत ने पांचवें टी20 में ऑस्ट्रेलिया को छह रन से हरा दिया। इस जीत के साथ पांच मैचों की टी20 सीरीज टीम इंडिया ने 4-1 से अपने नाम की। यह बतौर कप्तान सूर्यकुमार यादव की पहली टी20 सीरीज थी और उसी में उन्होंने जीत हासिल की। सीरीज जीतने के बाद जब सूर्यकुमार यादव को ट्रॉफी थमाई गई तो उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी द्वारा चालू की गई प्रथा को कायम रखा और सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवाओं को ट्रॉफी सौंप दी। इसका वीडियो खूब वायरल हो रहा है और लोग सूर्या के जेस्चर की तारीफ भी कर रहे हैं।

दरअसल, ट्रॉफी लेने के बाद सूर्या सीधे रिंकू सिंह और जितेश शर्मा के पास पहुंचे जो चैंपियन प्लेकार्ड के ठीक पीछे और सभी खिलाड़ियों के बीच में खड़े थे। रिंकू और जितेश ने साथ मिलकर ट्रॉफी उठाई। दोनों बेहद खुश दिखे। रिंकू ने जहां इस सीरीज में पांच पारियों में 52.50 की औसत और 175 के स्ट्राइक रेट से 105 रन बनाए, वहीं जितेश शर्मा को आखिरी दो टी20 खेलने का मौका मिला और उन्होंने 29.50 की औसत और 168.57 के स्ट्राइक रेट से 59 रन बनाए। दोनों मैचों में उन्होंने आखिर में छोटी मगर महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। रिंकू ने अपने मैच फिनिशिंग स्किल से सभी को प्रभावित किया।


मैच के बाद सूर्यकुमार यादव ने कहा कि यह एक अच्छी सीरीज थी। जिस तरह से लड़कों ने अपनी स्किल दिखाई वह सराहनीय था। हम निडर होकर खेलना चाहते थे। मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि जो भी सही हो वो करो और बस अपने खेल का आनंद लो और उन्होंने वैसा ही किया। इससे बहुत खुश हूं। अगर वॉशिंगटन सुंदर इस मैच में खेलते होते तो यह एक ऐड-ऑन होता। चिन्नास्वामी में 200+ का पीछा करना आसान है। 160-175 यहां एक ट्रिकी स्कोर है। 10 ओवर के बाद मैंने लड़कों से कहा कि यह मैच अब टक्कर की होगी।

सूर्या ने कहा- सीरीज जीतकर अच्छा लग रहा है। बतौर कप्तान सीरीज जीतना अच्छा है और लाइफ में एक नया एंगल आया है। मैंने अर्शदीप सिंह को देखा है मुश्किल परिस्थिति में गेंदबाजी करते हुए और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में काफी बार उन्होंने डेथ ओवर में गेंदबाजी की है। इसलिए मैंने उनका ही ओवर आखिरी के लिए बचाकर रखा था। टी20 क्रिकेट सब लोग बोलते हैं कि बल्लेबाजों का गेम है। बल्लेबाज तो मैच जिताते ही हैं, लेकिन गेंदबाज आपको सीरीज जिताते हैं।

### मैच में क्या हुआ?

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 160 रन बनाए। भारत के लिए यशस्वी ने 15 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 21 रन, जितेश शर्मा ने 16 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 24 रन, अक्षर पटेल ने 21 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 31 रन की पारी खेली। वहीं, श्रेयस अय्यर ने 37 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 53 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेसन बेहरनडॉर्फ और बेन ड्वारशुइस ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, एरॉन हार्डी, नाथन एलिस और तनवीर सांघा को एक-एक विकेट मिला। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी। उसके लिए बेन मैकडरमॉट ने सबसे ज्यादा 54 रन बनाए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। ट्रेविस हेड ने 28 और मैथ्यू वेड ने 22 रन बनाए। टिम डेविड 17 और मैथ्यू शॉर्ट 16 रन बनाकर आउट हुए। एरॉन हार्डी छह और जोश फिलिप चार रन ही बना सके। भारत के लिए मुकेश कुमार ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और रवि बिश्नोई को दो-दो सफलता मिली। अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया।

# सपनों के शहर दुबई की पहचान हैं ये खूबसूरत जगहें, यहां घूमे बिना अधूरा है आपका ट्रिप



दुनिया के सबसे अमीर शहरों की बात आती है तो दुबई का नाम सबसे पहला आता है। यहां की आबो-हवा, दौलत, शोहरत ही इसे पूरी दुनिया में सबसे अलग और अनोखा बनाता है। ऊंची-ऊंची इमारतें, समुद्र, रेगिस्तान, एडवेंचर, द्वीप ये चीजें हर किसी को अपना दिवाना बना दे, तभी तो दुनियभर के टूरिस्ट कर पहली पसंद दुबई ही है। खूबसूरती और साफ सफाई के साथ- साथ यह शहर सबसे सुरक्षित भी है। अगर कभी भी आपका दुबई जाने का मन हो तो इन प्रसिद्ध जगहों जरूर जाएं।

बुर्ज खलीफा दुबई में स्थित 829.8 मीटर ऊंचाई वाली दुनिया की सबसे ऊंची इमारत है। इसे देखते ही आभास होता है कि यह इमारत शीशे और स्टील से बनी हो। इमारत के 76वें तल पर दुनिया का सबसे ऊंचा स्वीमिंग पूल और 158वें तल पर दुनिया की सबसे ऊंची मस्जिद और 144वें तल पर दुनिया का सबसे ऊंचा नाइटक्लब है। इसे लगभग 100 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता है। इस लिस्ट में दूसरा नाम है बुर्ज अल अरब का। यह सबसे महंगे होटल्स में से एक है। इस होटल में चेक इन करने वाले गेस्ट को 24 कैरेट गोल्ड का आईपेड दिया जाता है। इस आईपेड पर आइफोन कंपनी के साथ ही बुर्ज अल अरब का लोगों छपा रहता है। ये आईपेड इसीलिए दिया जाता है, ताकि होटल रहने वाले गेस्ट को एक खास और रॉयल अनुभव मिल सके। इसकी ऊंचाई करीब 280 मीटर है।




दुबई संग्रहालय अल फहीदी किले के अंदर स्थित है ,जो 1896 में शक्तिशाली सम्राट के लिए एक सुंदर घर के रूप में जाना जाता है। अलफहीदी किले में स्थित यह दुबई की सबसे पुरानी मौजूदा इमारत है जिसे 1787 में बनाया गया था। संग्रहालय के अंदर विभिन्न प्रकार की श्रेणियाँ मिलेगी जैसे जानवरों की आकृतियां, मिट्टी के बर्तन और 1950 के दशक से मोती डाइविंग और प्राचीन वस्तुओं की दुकानों की लंबी लाइन। बॉलीवुड पार्क मुंबई के प्रसिद्ध फिल्म उद्योग के लिए समर्पित पहला थीम पार्क है। यह पार्क ऐसे लोगों के लिए खास है जो एडवेंचर,मिस्ट्री, रोमांस, कॉमेडी ,थ्रिल और एक्शन के शौकीन हैं। ये25 मिलियन वर्ग फुट में फैला हुआ है जिसमें दुबई पार्क और रिसॉर्ट्स में तीन विश्व स्तरीय थीम पार्क ,एक वाटर पार्क ,एक होटल ,दुकानें और रेस्तरां आदि शामिल हैं। शेख जायद रोड अपने आकर्षक डिजाइनों के साथ शहर के लोगों का आकर्षण बनी हुई है। इसके बीच में एक बाधा के साथ हर तरफ पांच लाइन है जो दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से 55 किलोमीटर की दूरी पर अबू धाबी की सीमा तक फैली हुई है। इस रोड से दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर ,एमिरेट्स टॉवरर्स , दुबई मॉल ,बुर्ज खलीफा,बिसनेस बे ,दमक प्रॉपर्टीज और मरीना कई और स्थलों तक पहुंचा जा सकता है।




अगर आप दुबई जाएं तो अटलांटिस द पाम रिजॉर्ट का नजारा जरुर देखें। यह करीब 64 फुटबाल ग्राउंड की जगह के बराबर बना हुआ है। यहां पर करीब डेढ किलोमीटर लंबा समुद्र तट भी है। यहां पर 60,000 खजूर के अलावा और भी बहुत से पेड़ पौधे लगाए गए हैं। रात के समय इस आलिशान होटल को रोशन करने के लिए 100,000 लाइट्स का इस्तेमाल किया जाता है। दुबई मरीना दुनिया के सबसे बड़े और सबसे शानदार से एक है। यहां यात्रियों के लिए अद्भुत छुट्टी बिताने के लिए बहुत कुछ है। यह एक समृद्ध आवासीय स्थान है जो जेबीआर में समुद्र तट के लिए जाना जाता है जो अल फ्रेस्को भोजन और रेतीले हिस्सों के साथ आराम करने के लिए छुट्टियां बिताने का एक खूबसूरत स्थान है। दुबई की गर्मी के बीच बर्फ का लुत्फ लेना है तो स्की दुबई जरूरए जाएं। ये पार्क 85 मीटर ऊँचा और 80 मीटर चौड़ा है। स्की दुबई शहर के रेगिस्तानी क्षेत्र के मध्य में स्थित है। जिबई के पर्यटन स्थल में स्की 22,500 वर्ग मीटर का इनडोर स्की क्षेत्र है। यह स्की दुबई इतना बड़ा है कि इसमें करीब 3 फुटबाल मैदान समा जाएँ यहां चारों तरफ सिर्फ बर्फ ही बर्फ है। रेगिस्तान के बीचों बीच बना ये गार्डन पूरी दुनिया में सबसे बड़े फूलों के बगीचे के लिए मशहूर है। इस गार्डन में कई तरह की आकृति के साथ फूलों को लगाया गया है। जैसे इंद्रधनुष की आकृति, पवन चक्की की आकृति और ताजमहल की आकृति।ये मिरेकल गार्डन 72,000 वर्ग मीटर के लंबे चौड़े इलाके में फैला हुआ है। जिसके करीब 18 एकड़ के दायरे में फूल लगे हुए हैं।

# हनीमून ट्रिप के लिए बेस्ट रहेगी भारत की ये खूबसूरत जगहें, खर्चा भी होगा कम



भारत के बहुत से शहर अपनी खूबसूरत से मशहूर है। इसे देखने के लिए देश-विदेश से लोग आना पसंद करते हैं। खासतौर पर बहुत-सी ऐसी जगह यहां पर प्राकृतिक खूबसूरती के नजारों को देखकर किसी का भी मन खिल उठेगा। साथ में आपको इन जगहों पर घूमने के लिए ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं करने पड़ेंगे। ऐसे में जिन लोगों की नई-नई शादी हुई है वे यहां पर हनीमून ट्रिप प्लान कर सकते हैं।



अगर आप बर्फ से ढके पहाड़ों को देखने का मजा उठाना चाहते हैं तो आपके लिए मैक्लोडगंज जाना सही रहेगा। यहां पर बजट में घूमने के साथ खूबसूरत प्राकृतिक नजारों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं। चारों तरफ बर्फ से ढके पहाड़ों में फोटो क्लिक करवाने का मजा ही कुछ और है। इसके अलावा आप मैक्लोडगंज में भागसू फॉल्स, डल झील, कांगड़ा किला में घूम सकते हैं। साथ ही ट्रेकिंग का मजा उठा सकते हैं। खरीदारी के लिए भी आपको बहुत-सी ऐसी चीजें मिलेगी, जिसमें संस्कृति की झलक आसानी से मिलेगी।

आगरे में बना ताजमहल प्यार का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में आप पार्टनर के साथ हनीमून मनाने के लिए यहां जाने का प्लान बना सकते हैं। आप 5,000 रूपय के बजट में भी ताजमहल, फतेहपुर सिकरी एवं आगरा का किला आदि आसानी से देख सकते हैं। ऐसे में कम खर्चे में ही आप अपने हसीन व रोमांटिक पलों का मजा उठा सकते हैं। अगर आप झीलों व ऐतिहासिक जगहों को देखने का शौंक रखते हैं तो आपके लिए उदयपुर बेस्ट रहेगा। यहां पर आप राजस्थान के स्वर्णिम इतिहास के बारे में अच्छे से जान सकते हैं। साथ ही कम खर्चे में घूमने का मजा उठा सकते हैं। इसके साथ आप पार्ट्नर के साथ सिटी पैलेस, सहेलियों की बावड़ी, पिचोला झील, सज्जनगढ़ पैलेस घूमने का लुत्फ मना सकते हैं। बात अगर खाने की करें तो यहां पर दाल बाट चूरमा, गट्टे की सब्जी, विभिन्न प्रकार की कचौरी चाट का स्वाद जरूर चखे।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।